## एक नजर

### देवर पर छेड़खानी और मारपीट का आरोप, रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थाने पहुंचकर एक महिला ने अपने देवर पर मारपीट और छेड़खानी समेत देवरानी पर आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया है।गांधीग्राम निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनके देवर और देवरानी से घर में अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता है। पांच मई को देवर और देवरानी ने उन्हें मारापीटा। देवर ने छेड़खानी भी की। आरोपी उन्हें मकान खाली कर चले जाने की धमकी देकर चले गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्ज किया है।

### पति को ब्लेड मारने वाली पत्नी को जेल

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में सनिगवां में अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी के पति को ब्लेड मार लहूलुहान करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी संतोष सोनकर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सनिगवां निवासी मजदूर ने आरोप लगाया था कि अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी ने ब्लेड से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपी पत्नी समेत उसके प्रेमी संतोष को जेल भेज दिया है।

# अधिक दहेज मांगने से परेशान युवती ने शादी से पहले दी जान

## रायपुरवा थानाक्षेत्र के अनवरगंज का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- देवरिया की लड़की यहां मामा के यहां रहकर कर रही थी पढ़ाई, परिजनों में कोहराम

**अमृत विचार।** रायपुरवा थानाक्षेत्र में मामा के पास रहकर पढ़ाई कर रही युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि उसकी शादी तय हो चुकी थी, लेकिन लड़का पक्ष दहेज की अधिक मांग कर रहे थे। जिससे क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाया। लड़की देवरिया निवासी थी।

बिहार के गोपालगंज थाना विजयीपुर ग्राम महुआ निवासी जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि अनवरगंज में अपनी मां और 18 वर्षीय भांजी खुशी कुमारी के साथ रहते हैं। नौ मई की सुबह वह और मां किसी काम से बाहर गए थे। तभी 11.20 मिनट पर खुशी की मां पूनम ने फोन करके कहा कि खुशी का फोन नहीं लग रहा है। वह घर पहुंचा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से अंदर गए जहां भांजी खुशी का शव दुपट्टे से लटक रहा था। मामा ने पुलिस को बताया खुशी की शादी लगभग तय थी। लेकिन लड़का पक्ष अधिक दहेज की मांग कर रहे थे, इसी बात से क्षुब्ध होकर ऐसा किया। रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या में पति को सात साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश 12 परमेश्वर प्रसाद की कोर्ट ने दहेज हत्या में दोष सिद्ध होने पर पति को सात साल कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीन हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। सबूतों के अभाव में सास और ससुर को कोर्ट ने बरी कर दिया।

एडीजीसी इंद्रलता शुक्ला ने बताया कि वादी मो. यूनुस ने 17 सितंबर 2017 का कर्नलगंज थाने में तहरीर दी थी, जिसमें बताया कि वह सिकंदरपुर उन्नाव का निवासी है। उसने अपनी बेटी सीमा का निकाह 15 फरवरी 2014 को मो. अनस उर्फ चांद बाबू निवासी गम्मू खां का हाता कर्नलगंज के साथ किया था। कुछ समय बाद ही ससुरालवालों ने दहेज की मांग को लेकर बेटी को परेशान करने लगे थे। 10 सितंबर 2017 की शाम साढ़े छह बजे सीमा ने उनसे फोन कर कहा था कि उसे ले जाएं। उसकी हत्या का षड़यंत्र रजा जा रहा है। उसी रात सीमा की हत्या की सूचना फोन पर परिजनों को मिली। इसके बाद कर्नलगंज थाने में दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। एडीजीसी ने बताया कि पति मो. अनस को कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई है। तीन हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। सास और ससुर को बरी कर दिया गया।



# बंद क्रॉसिंग पार करते बुजुर्ग को ट्रेन ने उड़ाया, मौत

**कानपुर।** बंद क्रॉसिंग से जल्दी निकलने के कारण लापरवाही के चलते एक बुजुर्ग की जान चली गई। ट्रैक पार करने के दौरान क्रॉसिंग पर खड़े लोगों ने शोर मचाकर उनसे हटने के लिए कहा, लेकिन तब तक हादसा हो गया।

शिवराजपुर वार्ड पांच के रहने वाले 70 वर्षीय दुलारे शर्मा बढ़ई का काम करते थे। बड़े बेटे मुकेश ने बताया कि गुरुवार सुबह वह काम पर निकले थे। 11 नंबर बंद क्रासिंग से निकलने के कारण नौ बजे के करीब ट्रेन से टकरा कर हादसे के शिकार हो गए। भीड़ में उसी घर में काम करने वाली महिला ने साथी कारीगर काकूपुर निवासी गोविंद को हादसे की सूचना दी, इसके बाद उन लोगों को जानकारी हो सकी।

# बमबाजी और फायरिंग में 18 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छपेड़ा पुलिया तुलसी नगर में दो पक्षों में हुआ था विवाद
- छह नामजद व 12 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र के छपेड़ा पुलिया के पास तुलसी नगर इलाके में बुधवार देर रात दो पक्षों में बमबाजी और फायरिंग हो गई थी। सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए थे। रावतपुर पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर छह नामजद और 12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



गीता नगर निवासी आयुष गौतम ने पुलिस को बताया कि आठ मई को लगभग 10:30 बजे बाबा राजेश कुमार की शादी की सालगिरह का केक कटवाकर वापस आ रहे थे। गली से बाहर निकलने पर अभिषेक विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, सागर सैनी, रिंकू, विवेक, आशीष व अन्य 10-12 लोग ने उसके साथ मारपीट की। उसके सिर पर कड़े से मारा और दइमार बम चला दिए। जिससे साक्षी नाम की लड़की गिर गई उसे चोटें आ गईं। उसने बताया कि आरोपियों में से एक युवक भी बाबा राजेश के लिए केक लेकर पहुंचा था। बाबा के घर के सामने जनरेट्टर का काम करने वाला युवक भी परिवार के साथ वहां पहुंचा था। जहां दोनों में आमना सामना हो गया। पुरानी रंजिश में दोनों में गालीगलौज शुरू हुई और बात बढ़ती गई और जमकर विवाद शुरू हो गया। इस संबंध में रावतपुर थाना प्रभारी अशोक सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभिषेक विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, सागर सैनी, रिंकू, विवेक, आशीष और 10 से 12 अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।



जाजमऊ पुराने पुल के गड्ढों में मलबा भरा गया। अमृत विचार

# पुल के गड्ढों को भरा, अब होगा डामरीकरण

**चकेरी।** जाजमऊ स्थित पुराने गंगापुल की स्लैब का कुछ हिस्सा ढह जाने के बाद बुधवार को गड्ढे की मरम्मत का काम शुरू कराया गया था। गड्ढे को कंकरीट से भर दिया गया है। अब डामरीकरण किया जायेगा। जाजमऊ के पुराने गंगापुल की शुरूआत में स्लैब का कुछ हिस्सा ढह गया था। जिससे पुल के किनारे सड़क पर गड्ढा हो गया था। बुधवार को ठेकेदार ने मजदूरों को लगाकर पुल के नीचे साफ सफाई कराई थी। गुरुवार को गड्ढे को भर दिया गया है। अब उसमे डामरीकरण किया जायेगा। गुरुवार को करीब तीन बजे काम पूरा होने के बाद बेरेकेडिंग को हटा दिया गया। जिसके बाद यातायात पुल से सामान्य रूप से गुजरने लगा। एनएचएआई के परियोजना प्रबंधक अमन रोहिला ने बताया कि गड्ढा भर दिया गया है।

# सपा कार्यालय के ऊपर युवक ने की आत्महत्या

**कानपुर।** कोतवाली थानाक्षेत्र में नवीन मार्केट में स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय के ऊपर रह रहे 25 वर्षीय मोटर मैकेनिक हरीबाबू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि उन्हें मां उर्मिला और पिता तेज बहादुर सिंह ने आकर घटना की सूचना दी। बताया कि उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं था, वह नवीन मार्केट में छत के ऊपर बने टीनशेड में रहता था। प्रभारी निरीक्षक ने फील्ड यूनिट टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया।



# महाराणा प्रताप की जयंती पर प्रतिमा को पूजा, मिठाई बांटी



जरीब चौकी पर क्षत्रिय सभा ने नमन किया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराणा प्रताप की जयंती पर गुरुवार को शहर में अनेक कार्यक्रम हुए। युद्ध कौशल, वीरता को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। जयंती पर पूर्व की तरह सार्वजनिक अवकाश बहाल करने की भी मांग की गई।

क्षत्रिय एकता संघ के अध्यक्ष संतोष गहमरी ने शास्त्रीनगर में जयंती मनाई। उन्होंने महाराणा प्रताप जयंती पर टीशर्ट, बैग व मिठाई बांटी।

वीर अभिमन्यु क्षत्रिय सभा की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती प्रताप चौक जरीबचौकी चौराहा पर मनाई गई। सभा के पदाधिकारियों ने प्रतिमा को दूध से नहलाया, उनके घोड़े चेतक को माला पहनाकर महाराणा की वीरता को याद किया। सभा के प्रदेश अध्यक्ष विवेक भदौरिया, ब्रजेंद्र तोमर, संरक्षक धर्मेंद्र भदौरिया पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, संजय सिंह भदौरिया, दिनेश चंदेल, अमन सेंगर, बब्लू चौहान, मुकेश भदौरिया, टिल्लू ठाकुर, असित कुशवाह, दीपू ठाकुर आदि रहे।



संतोष गहमरी ने महाराणा प्रताप को नमन किया। अमृत विचार

### नशा विरोधी मंच ने किया कार्यक्रम

**कानपुर।** नशा विरोधी मंच की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती पर डब्ल्यू ब्लॉक केशवनगर में मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर सुनील सिंह चौहान, दीपक त्रिपाठी, आशुतोष पांडेय, अजय दीक्षित, विनीत जायसवाल, संदीप पांडेय, मोहित निषाद आदि मौजूद रहे।



**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

37.4° अधिकतम तापमान | 24.6 न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 25 | सूर्यास्त 06 : 46

## शहर में आज

- **जनसभा** : रमईपुर बिधनू में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा और रैली 11 बजे।
- **जनसभा** : राहुल गांधी व अखिलेश यादव की जनसभा जीआईसी चुन्नीगंज में दोपहर 2 बजे।
- **ब्राह्मण समागम** : सर्व ब्राह्मण विकास परिषद का ब्राह्मण समागम व भगवान परशुराम का अभिषेक दर्शनपुरवा में 3 .30 बजे।
- **परशुराम जन्मोत्सव** : सनातन ब्राह्मण परिवार का परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम विश्व बैंक बर्रा राज धर्मशाला में शाम 4 .30 बजे
- भगवान परशुराम ब्राह्मण सभा का कार्यक्रम द्विवेदीनगर शिवशांति लॉन में सुबह 10 बजे।
- **सम्मेलन** : गैंजेस क्लब में शत प्रतिशत मतदान की अपील के लिए प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन शाम 5 बजे।

# अब कंट्रोल रूम से की जाएगी स्ट्रीट लाइटों की मॉनीटरिंग

## नगर निगम के मार्ग प्रकाश बिंदु सीसीएमएस से कनेक्ट किए जाएंगे, तैयारी शुरू

**व्यवस्था**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में जल रहीं स्ट्रीट लाइटों (मार्ग प्रकाश) की मॉनीटरिंग अब नगर निगम के कंट्रोल रूम से होगी। सेन्ट्रल कन्ट्रोल एंड मॉनीटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस) को इंट्रीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से कनेक्ट किया जायेगा ताकि खंभों में लगी लाइटों के जलने और बंद करने पर भी नजर रखी जा सके। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने नगर निगम में ही कन्ट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिये हैं जहां पब्लिक की शिकायतों को दर्ज करने के साथ ही उसका निस्तारण किया जा सके।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में मार्ग प्रकाश की समीक्षा बैठक की। मार्गप्रकाश मुख्य अभियन्ता आरके पाल ने बताया कि शहर में 4200


नगर निगम में अधिकारियों के साथ मार्गप्रकाश विभाग की समीक्षा करते नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

- **कंट्रोल रूम से जलाने और बुझाने पर रखी जाएगी नजर**

सीसीएमएस (ऑटोमेटिक लाइट को जलाने और बुझाने वाली डिवाइस) ईएसएसएल कम्पनी ने लगाई थीं जिनसे शहर की 80,000 लाइट कनेक्ट हैं। पूरे शहर में लगभग एक लाख 30 हजार प्रकाश बिन्दु हैं। इनमें से 1500 सीसीएमएस मरम्मत योग्य हैं। आरके पाल ने कहा कि नगर निगम ने पिछले एक वर्ष में जो नये पोल व लाइट लगाये हैं, उनमें सीसीएमएस नहीं लगा है, उनमें अभी चेन्ज ओवर के माध्यम से लाइट जलाई व बुझाई जाती है। जिससे लाइटों की वास्तविक स्थिति का ज्ञान नहीं हो पाता है। बैठक में आईटी प्रबन्धक राहुल सब्बरवाल एवं अन्य अधिकारी रहे।

### 27 प्रतिशत तक बिजली की बचत होगी

- आरके पाल ने नगर आयुक्त को बताया कि पूरे शहर में सीसीएमएस लगने से समय से आटोमेटिक प्रकाश बिन्दु एक साथ जलने व बुझने से लगभग 27 प्रतिशत बिजली की बचत होगी। नगर आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि इस कार्य के लिये नगर निगम मुख्यालय में एक कन्ट्रोल रूम बनाया जाये। इसे स्मार्ट सिटी के आईसीसीसी से इन्टीग्रेट किया जाये। कन्ट्रोल रूम से सीसीएमएस की मानीटरिंग होने से लाइट के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण 24 घंटे में कर दिया जायेगा। नगर आयुक्त ने निर्देश दिये कि पूरे शहर में लगे सीसीएमएस का सर्वे करा लिया जाये और यह देखा जाये कि एक सीसीएमएस से कितने प्रकाश बिन्दु कनेक्ट हैं। एक सीसीएमएस से लगभग 30 से 40 प्रकाश बिन्दुओं को कनेक्ट किया जाये। बचे हुए लगभग 50 हजार प्रकाश बिन्दुओं को भी इसमें कनेक्ट किया जाये।

# शुक्लागंज नया पुल की दिखने लगी सरिया

**कानपुर।** कानपुर-शुक्लागंज नया पुल पर सड़क टूट गई है। उस जगह पर सरिया दिखने लगी है। करीब छह इंच के गड्ढे में ई-रिक्शा, बाइक और कार के पहिए फंस जाते हैं। कई बार रफ्तार में निकलने पर बाइक सवार गड्ढे की चपेट में आकर लड़खड़ा जाते है। हादसों में चुटहिल भी जाते है, लेकिन करीब एक माह से इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है।

शुक्लागंज नया पुल घुसते ही बाई तरफ करीब तीन फिट से अधिक दायरे में सड़क पर गड्ढा हो गया है। इस जगह पर सरियों का जाल दिखने लगा है, जो राहगीरों के लिए मुसीबत बना है।

टूटी सड़क पर करीब छह इंच का गड्ढा है। जिसमें वाहनों के पहिए फंस जाते हैं। टूटी सड़क हादसों का कारण बनी है। रात में अचानक सामने गड्ढा आ जाने पर कई बाइक सवार गिरकर जख्मी भी हो चुके हैं। राहगीरों के अनुसार इस गड्ढे.को करीब एक माह हो गए है। लोगों ने इसकी शिकायत भी की है, लेकिन इस ओर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोड वाहनों के फंसने से जाम की स्थित भी बन जाती है। धक्का देकर फंसे वाहनों को निकालना पड़ता है।

# आज अक्षय तृतीया पर खरीदारी का विशेष योग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **सूर्य और चंद्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि में स्थित होते हैं**
- **मान्यता, इस दिन किया जाने वाला कार्य कभी कम नहीं होता**

**अमृत विचार।** शुक्रवार को अक्षय तृतीया है। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि मान्यता है कि इस पर्व पर किया जाने वाला कोई भी कार्य कभी कम नहीं होता है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों अपनी उच्च राशि में स्थित होते हैं। इस दिन सोना और चांदी खरीदने की मान्यता है।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि ऐसी मान्यताएं हैं कि अक्षय तृतीया पर सोने-चांदी की चीजें खरीदने से जातक का भाग्योदय होता है। इसके अलावा पवित्र नदियों में स्नान, दान, भोज, कर्म, यज्ञ और ईश्वर की उपासना जैसे उत्तम कार्य इस तिथि पर अक्षय फलदायी माने गए हैं। इस दिन शुरू किया गया कोई भी कार्य आसानी से संपन्न हो जाता है। अक्षय तृतीया तिथि 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर आरंभ होगी। तिथि का समापन 11 मई को सुबह 02 बजकर 50 मिनट पर होगा। उदिया तिथि के चलते अक्षय तृतीया 10 मई को मनाई जाएगी।

अक्षय तृतीया स्वयंसिद्ध मुहूर्त है। इस कारण विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन आदि शुभ मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त की जरूरत नहीं होती। लेकिन इस बार अक्षय तृतीया के दिन गुरु और शुक्र के अस्त होने के कारण मांगलिक कार्य पर पाबंदी रहेगी। अन्नप्राशन, दुकान, वाहन क्रय, स्वर्ण और चांदी क्रय विक्रय एवं नामकरण हो सकता है।

### खरीदारी का मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि अक्षय तृतीया पर सुकर्मा योग दोपहर 12 बजकर 08 मिनट से है जो दिन भर रहेगा। रवि योग सुबह 05 बजकर 33 मिनट से सुबह 10 बजकर 37 मिनट तक है। इसके बाद दोपहर 12 बजकर 18 मिनट से लेकर 01 बजकर 59 मिनट तक सोना, चांदी, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने का शुभ समय बन रहा है। शाम को 05बजकर 06 मिनट से 06 बजकर 46 मिनट तक और रात में 09 बजकर 40 मिनट से रात 10 बजकर 59 मिनट तक खरीदारी का शुभ समय है।



प्लेसमेंट ड्राइव में मौजूद कॉलेज की प्रोफेसर। अमृत विचार

# डीजी में प्लेसमेंट ड्राइव में 66 छात्राओं का साक्षात्कार

**कानपुर।** दयानन्द गर्ल्स पीजी महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने एनएलके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के साथ मिलकर छात्राओं के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया।

प्राचार्या प्रो. अर्चना वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय छात्राओं के पेशेवर भविष्य निर्माण के लिए बेहतर मंच उपलब्ध करा रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय के बीएड विभाग की 66 छात्राओं ने भाग लिया। एनएलके ग्रुप के एचआर प्रमुख दुर्गेश तिवारी ने छात्राओं को साक्षात्कार लेकर मेधा और कौशल के आधार पर चयनित किया।

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की प्रभारी प्रो. क्षमा त्रिपाठी ने छात्राओं को सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बीएड विभाग की डा. मनीषी पाण्डेय, डा. प्रेरणा कम्बो एवं डा. मीनाक्षी त्रिवेदी उपस्थित रहीं।

# इरफान मामले में लिखित बहस पूरी, 20 को फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में गुरुवार को लिखित बहस पूरी हो गई। कोर्ट ने फैसले के लिए 20 मई की तारीख निर्धारित की है।

सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में बीते बुधवार को 75 पन्ने की लिखित बहस दाखिल की गई थी। एमपी एमएलए सेशन कोर्ट में गुरुवार को अभियोजन व बचाव पक्ष की तरफ से मौखिक बहस की गई। जमानत पर चल रहे मो. शरीफ की ओर से भी लिखित बहस दाखिल की गई। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसले के लिए 20 मई की तारीख निर्धारित की है।

# होटल के कमरे में मिला अस्पताल कर्मी का शव

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के कोयला नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में होटल के कमरे में अस्पताल कर्मी का शव पड़ा मिला। पुलिस और फोरेंसिक ने जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोयला नगर चौकी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि बर्रा निवासी 30 वर्षीय विजय यादव कोयला नगर स्थित एक निजी अस्पताल में कर्मी था। गुरुवार की शाम को विजय का शव अस्पताल से कुछ दूरी पर स्थित एक होटल के कमरे में पड़ा मिला। विजय बुधवार रात को होटल में आया था। चौकी प्रभारी ने बताया कि पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

### बर्रा में युवक ने किया सुसाइड

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र में बर्रा छह ए ब्लॉक में 36 वर्षीय मोनू ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इलाके के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



# केडीए ने सात किसानों से खरीदी 3.24 बीघा जमीन

## न्यू कानपुर सिटी योजना को बसाने में बाधाएं होंगी दूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 19 हेक्टेयर से अधिक भूमि की रजिस्ट्री कराई जा चुकी

**अमृत विचार।** केडीए न्यू कानपुर सिटी योजना की बाधा को धीरे-धीरे खत्म कर रहा है। केडीए ने सात किसानों से 3.24 बीघा जमीन खरीदी है। जिनको चार गुना रेट के चेक दिये। केडीए अधिकारियों ने बताया कि कुल 19 हेक्टेयर से अधिक भूमि की रजिस्ट्री कराई जा चुकी। जो बचे किसाने हैं उनसे वार्ता की जा रही है। जल्द शेष जमीन को भी खरीदकर योजना को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया जायेगा।



कानपुर विकास प्राधिकरण ने नई टाउनशिप न्यू कानपुर सिटी योजना प्रस्तावित की है। जिसमें 90 वर्ग मी. से लेकर 450 वर्ग मी. के आवासीय भूखण्ड, व्यवसायिक भूखण्ड, शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सा संस्थान, पार्क इत्यादि की सुविधाएं दी जाएंगी। न्यू कानपुर सिटी योजना में विकास कार्य हेतु उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा भी वित्त पोषण किया जा रहा है।

योजना को शीघ्र अन्तिम रूप देने के लिये निजी काश्तकारों की भूमि को उनके द्वारा प्रदान की गयी सहमति के बाद वर्तमान सर्किल दर के 04 गुना मूल्य में खरीदी जा रही है। केडीए विशेष कार्याधिकारी भूमि बैंक डॉ. रवि प्रताप सिंह ने बताया कि छह जनवरी से बची भूमि को क्रय किये जाने की प्रक्रिया शुरू है। न्यू कानपुर सिटी योजना के अन्तर्गत सहमति दे चुके निजी काश्तकारों की भूमि की रजिस्ट्री भी हो चुकी है। अभी तक लगभग 19 हेक्टेयर से अधिक भूमि की रजिस्ट्री प्राधिकरण द्वारा कराई जा चुकी है।

### 28 साल पहले योजना बनाई गई थी

- केडीए ने 28 साल पहले मैनावती मार्ग और कल्याणपुर-बिठूर मार्ग के आसपास न्यू कानपुर सिटी योजना विकसित करने की योजना बनाई थी। 153 हेक्टेयर में योजना विकसित करने और जमीन खरीदने के लिए केडीए बोर्ड ने डेढ़ सौ करोड़ रुपये स्वीकृत किए। इतनी ही धनराशि शासन ने कानपुर विकास प्राधिकरण को आवंटित की।



आग को बुझाता दमकलकर्मी। अमृत विचार

# ओईएफ कर्मचारी के मकान में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लगी आग

**अमृत विचार।** गुरुवार दोपहर पनकी थानाक्षेत्र के गंगागंज इलाके में ओईएफ कर्मचारी के बंद घर में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

गंगागंज में ओईएफ में चार्जमैन बनवारी मीणा का मकान है। उन्होंने बताया कि पत्नी अनीता व दो बच्चे पैतृक निवास मथुरा के मैंना नागर गए हुए थे। वह सुबह फूलबाग स्थित ओईएफ फैक्ट्री चले गए थे। दोपहर में करीब एक बजे पड़ोसियों से सूचना मिली कि मकान में आग लग गई है। फायर फाइटर्स ने मकान का ताला तोड़कर पानी डालकर लगभग आधा घंटे में आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि आग से गृहस्थी का लाखों का नुकसान हो गया है। सारे दस्तावेज जल गए। फायर स्टेशन प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना शार्ट सर्किट से हुई है। वहीं चकेरी थानाक्षेत्र के रूमा में ट्रांसफार्मर में आग लग गई। पनकी थानाक्षेत्र में पड़ाव के पास रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में आग लग गई। हनुमंत विहार में कर्रही रोड पर स्थित राजपूत इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने सभी जगह आग बुझाई। कोई जनहानि नहीं हुई।

# कस्टमर केयर, यूबीआई के खाताधारक पर रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में एसबीआई के खाता धारक ने नोयडा के कस्टमर केयर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाता धारक पर कूटचरित तरीके से अपने खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर करने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जवाहरपुरम मंगला विहार निवासी देवी प्रसाद ने पुलिस को बताया कि 30 मार्च को एसबीआई कस्टमर केयर नोयडा से राजीव गुप्ता ने धोखाधड़ी करके एक लाख रुपये शौभिक सरदार निवासी मलयापुर कुंदरौली बराईपुर पश्चिम बंगाल की मदद से यूनियन बैंक शाखा बराईपुर को स्थानान्तरित कर दिए। भारतीय स्टेट बैंक के उनके दोनों खातों में कूटरचना करके रुपये स्थानान्तरित किए गए। वह 30 मार्च को संबंधित शाखा कार्यालय गए जहां चौकीदार मलखान सिंह ने उन्हें न शाखा प्रबंधक से मिलने दिया न ही कार्यालय के अंदर जाने दिया। अगले दिन 31 मार्च को शाखा प्रबंधक ने प्रार्थना पत्र तो ले लिया लेकिन क्लोजिंग के कारण अगले दो दिन तक कोई भी कार्य करने से मना कर दिया।

## सार-संक्षेप

### किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज

**कानपुर।** जाजमऊ में एक पिता ने युवक पर उनकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया है। जाजमऊ निवासी पीड़ित पिता के अनुसार उनकी 16 वर्षीय बेटी आठ अप्रैल को घर से अचानक गायब हो गई। जानकारी हुई कि बेटी को जिन्नातो मस्जिद निवासी फरान अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसके बाद उन्होंने आरोपी पर बेटी का अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

### कथित पत्रकार ने व्यापारी से मांगी रंगदारी

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में तथाकथित पत्रकार बने शातिर अपराधी के गुर्गों ने चमड़ा व्यापारी से पचास हजार की रंगदारी मांगी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जाजमऊ के मोती नगर निवासी व्यापारी मोहम्मद गुलजार ने पुलिस को बताया कि 25 अप्रैल की शाम को रास्ते में दो युवकों ने रोका और शातिर अपराधी कमर आलम उर्फ शेरा के गुर्गे होने की बात बताते हुए बोले कि शेरा यू ट्यूब चैनल चलाता है। उसने पचास हजार की रंगदारी मांगी है। तुमको विधायक इरफान सोलंकी का गुर्गा बताकर खबर चला देंगे। जाजमऊ पुलिस के कार्रवाई न करने पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत की। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### हलीम कॉलेज के वाणिज्य संकाय में मिले खून के धब्बे

**कानपुर।** चमनगंज थानाक्षेत्र में स्थित हलीम मुस्लिम डिग्री कॉलेज के वाणिज्य संकाय में फर्श पर खून के धब्बे मिलने से हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक वीडियो वायरल हुआ। लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर आरोप लगाया कि चमनगंज पुलिस ने खून के सारे धब्बे धुलवा दिए थे। थाना पुलिस ने इसे सिरे से नकार दिया। उनका कहना है, कि वहां पर भाले लगे हुए हैं, वहां घुसकर जुआरी खेलते हैं, हो सकता है कि किसी के हाथ पैर में भाला लग गया हो।

### छात्र की प्रताड़ना का वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार

**कानपुर।** काकादेव में नाबालिग छात्र को यातनाएं देनें और मारपीट करने में वीडियो बनाने वाले नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। नाबालिग ने पूछताछ में नाबालिग संग हुई बर्बरता की पूरी कहानी पुलिस को बताई। पुलिस शुक्रवार को आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश करेगी। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि आरोपी की उम्र करीब 17 वर्ष है। वह औरैया के बिधूना का रहने वाला है।

# बेसहारा लोगों को भी मिलेगी सरकारी छत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शासन ने रैन बसेरा, शिशु गृह, महिला शरणालय की सूची की तलब
- सड़क, फुटपाथ, रेलवे और बस स्टैंड पर रात बिताने वाले होंगे शिफ्ट

**अमृत विचार।** शहर में रैन बसेरा, शिशु गृह, बाल एंव बालिका गृह, महिला शरणालय होने के बाद भी हजारों की संख्या में लोग आसमान के नीचे जीवन बिताने पर मजबूर हैं, ऐसा क्यों? यह सवाल शासन की ओर से कानपुर मंडलायुक्त और डीएम से पूछा गया है। जल्द ही सड़क, फुटपाथ, रेलवे व बस स्टैंडों पर रात बिताने वाले ऐसे लोगों को सरकारी छत के नीचे शिफ्ट करने को कहा है।




प्रदेश शासन के सचिव एसपी गोयल ने पत्र लिखकर कहा है कि रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, बाजार स्थलों, मुख्य चौराहों और धार्मिक स्थलों पर बच्चों, बालिकाओं व महिलाओं, बुजुर्गों से आसमाजिक तत्क भिक्षावृत्ति करवाते हैं। यह लोग गाड़ियों के शीशे साफ करवाने के साथ ही छोटी-छोटी सामग्रियों को बिकवाने का काम भी कराते हैं। इनके पुनर्वास के लिये रैन बसेरों, राजकीय शिशु गृह, बाल एंव बालिका गृह, महिला शरणालय व संरक्षण गृह बनाए गये हैं। शासन ने डीएम से कहा है कि शहर में खुले में सोने वाले लोगों व रेलवे, बस स्टैंड, चौराहों पर जीवन यापन करने वाले ऐसे लोगों को तुरंत रैन बसेरों में शिफ्ट किया जाये।

# स्पिक मैके के साथ विवि का एमओयू

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एकेडमिक के ईसी कक्ष में गुरुवार को सांस्कृतिक संस्था 'स्पिक मैके' और विश्वविद्यालय के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ। इस दौरान स्पिक मैके ने अपना ओरिंटेशन भी दिया। एमओयू के दौरान यह कहा गया कि समझौता पत्र के जरिये छात्र-छात्राओं को संस्कृति और संगीत से भी रूबरू कराया जाएगा। शास्त्रीय संगीत से जुड़कर छात्र अन्य विषयों में भी बेहतर कार्य कर सकेंगे। इसकी वजह संगीत से तनाव का दूर होना है। हस्ताक्षर के दौरान स्पिक मैके के संस्थापक प्रो किरण सेठ, कोर्डिनेटर डॉ आभा मिश्रा व डॉ रचना प्रसाद मौजूद रहीं। इसी तरह सीएसजेएमयू की ओर से कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक", प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, अधिष्ठाता शिक्षा डॉ बृष्टि मित्रा, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ अनुराधा कालानी सहित अन्य मौजूद रहे।

# किंगफिशर ने जीता डे-नाइट मैच

**खेल के मैदान से**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए आरपी यादव

**अमृत विचार।** ऑर्डिनेंस डे-नाइट प्रीमियर क्रिकेट लीग में एमएम किंगफिशर ने सीनियर यंगस्टर्स टीम को नजदीकी मुकाबले में दो रन से पराजित किया। एमएम किंगफिशर के खिलाड़ी आरपी यादव के धमाकेदार खेल से टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

अर्मापुर मैदान पर खेले गए मैच में एमएम किंगफिशर ने 7.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 116 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के बी गायकवाड ने 41 व आरपी यादव ने 51 रनों की पारी खेली। सीनियर यंगस्टर टीम के संदीप ने दोनों विकेट लिए। इससे पहले खेल चुकी सीनियर यंगस्टर टीम ने 15.4 ओवर में 114 रन ही बना सकी थी। टीम से मुकेश कुमार ने सबसे अधिक 32 रन बनाए। विजयी टीम से आरपी यादव ने तीन, अमित कुमार सिंह व बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने दो-दो विकेट लिए। आरपी यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### केएसएस का सीनियर बालक शतरंज 10 से

**कानपुर।** दो दिवसीय बालक वर्ग की कानपुर स्कूल शतरंज (केएसएस) प्रतियोगिता में 125 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। 25 सीबीएसई स्कूलों के कक्षा 9 से 12 तक बच्चे प्रतियोगिता में अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी दून इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. कृष्णा चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि पांच राउंड चलने वाली इस प्रतियोगिता में पहले दिन 10 मई को तीन राउंड का खेल होगा। दूसरे दिन 11 मई को फाइनल राउंड का मुकाबला खेला जाएगा। प्रतियोगिता का संचालन कानपुर चेस एसोशिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव करेंगे। प्रतियोगिता का चीफ नेशनल ऑर्बिटर हरीश रस्तोगी होंगे।

### रोवर्स कप में यशी इलेवन चैंपियन

**कानपुर।** रोवर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में यशी इलेवन ने मेक माई ट्रिप को 21 रन से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। जाजमऊ स्थित रोवर्स मैदान पर यशी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाए। टीम के अनिरुद्ध सिंह ने 45 व प्रिंस ने 34 रनों का योगदान दिया। मेक माई ट्रिप के गेंदबाज अर्श ठाकुर व आर सिंह ने दो-दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेक माई ट्रिप की टीम 22.5 ओवर में 125 रन पर ऑल आउट हो गई। राघवेंद्र पाल में 46, वैदिक ने 33 रन बनाए। विजयी टीम के शुभम पाल ने तीन, श्रेष्ठ सैनी, सार्थक ठाकुर ने दो-दो विकेट लिए। शुभम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर यूपीसीए के कोच आमिर खान, जेपी शर्मा, रोवर्स के सचिव अनिल राय आदि मौजूद रहे।

# मॉनसून में इस बार बारिश तोड़ सकती है रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अल नीनो के असर को इंडियन नीनो कर देगा पूरी तरह से खत्म
- कानपुर और आस-पास के क्षेत्रों में बारिश से धान की फसल होगी और अच्छी

**अमृत विचार।** इस बार मॉनसून में बारिश रिकॉर्ड तोड़ सकती है। इसकी वजह अल नीनों के असर को इंडियन नीनो की ओर से खत्म किया जाना है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि रिकॉर्ड बारिश होने से इस बार कानपुर व आस-पास के क्षेत्रों में धान की फसल बेहतर होगी।

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि भारत में इस बार पॉजिटिव इंडियन ओशन डायपोल 'आईओडी' की प्रबल संभावना है। इससे बारिश में तेजी आएगी। पॉजिटिव आईओडी को अल-नीनो का विपरीत माना जाता है। इसलिए अल-नीनो में जहां सूखा रहता है वहीं आईओडी मूसलाधार बारिश का कारण बनता है। पॉजिटिव आईओडी को इंडियन नीनो भी कहते हैं। भारत में लगातार दूसरी बार इस बार पॉजिटिव आईओडी का प्रभाव देखा जाएगा। पिछले साल भी ऐसी स्थिति बनी थी जिसकी वजह से कुछ महीने खूब बारिश दर्ज की गई थी। पूरे देश में पड़ने वाले इंडियन नीनो का असर कानपुर व उसके आस-पास के क्षेत्र में भी दिखेगा।

सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि इंडियन नीनो से मॉनसून में बहुत अधिक बारिश दर्ज की जाएगी। पॉजिटिव आईओडी मॉनसून की बारिश को बढ़ा देता है जैसा कि इस बार संभावना बनती दिख रही है।

उन्होंने बताया कि इंडियन नीनो यानी पॉजिटिव इंडियन डायपोल के बारे में ऑस्ट्रेलियाई मौसम एजेंसी ने भी पहले ही दावा किया है। एजेंसी ने कहा है कि इस बार भारत में समय से पहले पॉजिटिव आईओडी डेवलप हो सकता है जिससे मॉनसून को मदद मिलेगी।

# नौ स्कूलों में विज्ञान विषय बढ़ेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग की ओर से नौ स्कूलों में विज्ञान विषय बढ़ाए जाने की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए स्कूलों की ओर से विभाग में अप्रैल महीने में आवेदन किया गया था। विषय बढ़ाए जाने से शहर के लगभग दो हजार छात्र-छात्राओं को लाभ हो सकेगा।

शिक्षा विभाग में आवेदन करने वाले ज्यादातर ऐसे स्कूल हैं जिनके यहां पर अभी तक विज्ञान वर्ग की पढ़ाई नहीं हो पा रही थी। स्कूलों ने बारहवीं में विषय जोड़े जाने के लिए आवेदन किया है। स्कूलों में विशेष विषय की कक्षाओं का संचालन न हो पाने की वजह से सबसे अधिक परेशानी ऐसे छात्रों को होती है जिन्हें उसी स्कूल में पढ़ाई करते हुए अपने विशेष विषय का चयन करना होता है। स्कूल में सुविधा न होने से उन्हें न चाहते हुए भी दूसरे स्कूल से आवेदन करना होता है। स्कूल प्रबंधन की ओर से विषय की मान्यता वाले आवेदनों के आने के बाद विभाग की ओर से अब इन आवेदनों को बोर्ड भेजा जाएगा। बोर्ड से मान्यता मिलने के बाद ही यह स्कूल अपने यहां पर विषयों की पढ़ाई करा सकेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि स्कूलों के आवेदनों को बोर्ड को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। प्रक्रिया पूरी होने और अनुमति के बाद ही स्कूल अपने यहां पर कोर्स की शुरुआत करा सकेंगे।

### इन स्कूलों ने किया है आवेदन

- विभाग में आवेदन करने वाले स्कूलों में सूरजमुखी पब्लिक हाई स्कूल, उपासना मेमोरियल मायावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलेमपुर, ज्ञान स्थली एकेडमी हायर सेकेण्ड्री स्कूल गोपाल नगर, पं. लक्ष्मी शंकर सरस्वती इंटर कॉलेज सिद्धार्थ नगर, एलएमएम श्रीबाबा वासुदेव इंटर कॉलेज, श्रीराम जानकी इंटर कॉलेज बिठूर, जीपी वर्ल्ड इंटरमीडिएट कॉलेज।

# बगैर खून निकाले होगी मधुमेह की जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मधुमेह के मरीजों को अब अपने ब्लड शुगर की जांच के लिए खून नहीं निकालना पड़ेगा। आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है जिसके जरिए पसीने की बूंद से ही मरीज रिपोर्ट देख सकेगा। मोबाइल पर शर्करा की मात्रा की जानकारी हो सकेगी। डिवाइस पैच को पेटेंट की मंजूरी मिल गई है।

यह डिवाइस पैच आईआईटी कानपुर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. सिद्धार्थ पाण्डा ने बनाया है। इसको शरीर के किसी भी स्थान पर लगाकर शुगर की मात्रा जांची जा सकती है। पैच में लगे इलेक्ट्रोड की सहायता से त्वचा पर आने वाले पसीने में मौजूद रासायनिक कणों से शुगर की जांच आसानी से की जा सकेगी। इससे मिलने वाले संकेतों का विश्लेषण कर मधुमेह के स्तर का निर्धारण किया जाता है। इस पैच को जल्द ही बाजार में उतारने के लिए निजी कंपनी के साथ एमओयू किया जा सकता है।

# विवि में चला मतदाता जागरुकता अभियान

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत हुई। अभियान की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने की। कुलपति ने कहा कि हर व्यक्ति का यह सामाजिक दायित्व भी है कि वह मतदान करे और अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करे। प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, राकेश कुमार, प्रो नीरज सिंह रहे।

ESTD.: 1986
St. THOMAS SCHOOL
(Affiliated to the Council for the Indian School Certificate Examination, New Delhi, School Code U.P.-130)
128/440, "K" Block Kidwai Nagar, Kanpur-208 011
Mob.: 9935930297 • Website: www.stthomas.co.in • E-mail: stthomasknpr130@gmail.com
ISC - SCIENCE STREAM: SHRESTH GUPTA 98%, AKSHITA GUPTA 95%, DEV SHUKLA 94.2%
ISC - COMMERCE STREAM: VANSHIKA PAL 93.5%, ARCHITA BAJPAI 92.25%, RAUNAQ RIZWAN 91.75%
ICSE TOPPERS 2023-24: PRAKHAR GUPTA 98.4%, AINDRI CHATURVEDI 97.8%, ADITYA SRIVASTAVA 97.8%, TANMAY MISHRA 96.6%

**क्राइम** | रिश्तेदार की आवाज में फोन करके पैसे खाते में डलवा लिए

# साइबर ठगों ने व्यापारी से ठगे 10 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाराजपुर क्षेत्र का मामला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** साइबर फ्रॉड ने एक व्यापारी को उसका रिश्तेदार बनकर गंभीर परिस्थिति का हवाला देते हुए दस लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है।

विपौसी गांव के रहने वाले अखिलेश सिंह ने पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल को मोबाइल पर मिस्ड कॉल आई। बात की तो सामने वाले ने उन्हें अपना परिचय एक करीबी रिश्तेदार के रूप में दिया। उस रिश्तेदार ने गम्भीर परिस्थिति का हवाला देते हुए 10 लाख रुपये की व्यवस्था करने के लिए कहा। कहा कि शाम तक धनराशि वापस कर दी जाएगी। उस व्यक्ति ने अपने मोबाइल नम्बर से एसएमएस के माध्यम से अपने बैंक खाते का विवरण भेज दिया। उन्होंने 10 लाख रुपये आरटीजीएस कर दिए। थोड़ी देर बाद उसने दोबारा कॉल की और धनराशि मांगी। इस पर उन्हें शंका हुई, छानबीन में पता चला कि उस व्यक्ति का मोबाइल नंबर और खाता संख्या दोनों झारखंड के हैं। महाराजपुर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।



### ऑनलाइन व्यापार का झांसा देकर धोखाधड़ी

**कानपुर।** बजरिया थानाक्षेत्र में मोबाइल से ऑनलाइन व्यापार करने का झांसा देकर साइबर फ्रॉड ने एक युवक को अपना शिकार बना लिया। आरोपी ने बताए खातों में लिंक भेजकर रुपये मंगाए और मुनाफा मिलने की बात कही। लेकिन करीब पौने दो लाख रुपये हड़पने के बाद आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया। जिस पर पीड़ित ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रेमनगर के रहने वाले विनोद कुमार चौरसिया ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल में ऑनलाइन व्यापार करने के एक लिंक भेजा गया। उन्हें 1500 रुपये जमा करने पर 52 रुपये प्रत्येक 100 दिन तक देने की स्कीम बताई गई। उन लोगों ने अलग-अलग खातों में 1,75,323 रुपये जमा करा लिए और धोखाधड़ी कर ली। इस संबंध में बजरिया थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### एडीओ के खाते से उड़ाए एक लाख

**चकेरी।** साइबर ठग ने बैंककर्मी बनकर सहायक विकास अधिकारी (एडीओ) के खाते से एक लाख रुपये पार कर दिए। उन्होंने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है। चकेरी के मंगला विहार निवासी देवी प्रसाद बिल्हौर ब्लाक में सहायक विकास अधिकारी है। उन्होंने एसबीआई की श्याम नगर शाखा से क्रेडिट कार्ड का आवेदन किया था। 30 मार्च को अनजान नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को बैंक का अधिकारी बता क्रेडिट कार्ड को एक्टिव कराने के लिए कहा। उसके कुछ ही देर में उनका फोन हैंग हो गया और कुछ देर बाद उनके पास एसबीआई की मुख्य ब्रांच से फोन आया कि उनकी एफडी तोड़कर उससे एक लाख रुपये निकाले गये हैं। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

# कागजों में हेर-फेर कर 5 साल घटा ली उम्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिक्षा विभाग में एक और मामले का हुआ खुलासा रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई
- मंधना के बीपीएमजी इंटर कॉलेज के कर्मचारी का मामला, जांच शुरू

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग में एक और मामले का खुलासा हुआ है। इस प्रकरण में मंधना स्थित बीपीएमजी इंटर कॉलेज के एक कर्मचारी ने सरकारी दस्तावेज में हेरफेर कर पांच साल उम्र घटा ली। जांच शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग के एक कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध है।



शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बीपीएमजी इंटर कालेज में कार्यरत कर्मचारी सुभाष द्विवेदी की एक दिसंबर 1990 को नियुक्ति हुई थी। सेवा पंजिका में उसका जन्म वर्ष 1964 लिखा हुआ है। 34 साल बाद कर्मचारी ने विभाग को यह बताया कि उसकी उम्र दस्तावेज में गलत दर्ज हुई है। कर्मचारी ने इस बाबत आवेदन किया कि उसकी उम्र को दुरुस्त किया जाए। कर्मचारी पर आरोप है कि उसने एक विभागीय कर्मचारी की सहायता से अपनी उम्र को पांच साल कम करा ली है। आरोपी सुभाष द्विवेदी का जून महीने में रिटायरमेंट है। मामले का खुलासा होने पर विभाग की ओर से जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि स्कूल और कर्मचारी के अभिलेखों में फर्क पाया गया है। जांच की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिद्धिमा सिंह नेगी (RIDDHIMA SINGH NEGI) को रिद्धिमा नेगी (RIDHIMA NEGI) पढ़ा जाए। – **रिद्धिमा नेगी पुत्री स्व0 मानवेन्द्र सिंह नेगी निवासी–एल 1–70 सेक्टर एफ , एलडीए कालोनी,बक्शी का तालाब, लखनऊ** 226012

सूचना
सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम रुपरानी पत्नी प्रेमनाथ प्रिन्ट हो गया है। जबकि मेरा सही नाम **प्रेमवती पत्नी प्रेमनाथ, निवासी– ग्राम– बेसिया वैन पैड़ी अजब सिंह, पी एन सिंह जिला गोण्डा** है।

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMED MOOSA SIDDIQUI था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD MUSA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये MOHAMMAD MUSA S/O: MOHAMMAD TALHA,84/95, KATRA MAQBOOL GANJ, R-G-V- ROAD,SUNDER BAGH, LUCKNOW UTTAR PRADES-226018

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम – SHAMS TABREZ था से बदलकर– SHAMS TABREZ SHEIKH रख लिया है। अब मुझे SHAMS TABREZ SHEIKH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o ALIMULLAH Address T-F- 11, AAROHI ARCADE MUNSHI PULIA INDIRA NAGAR LUCKNOW -226016

सूचना
सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र रोल नंबर 122366095 वर्ष 2021/22 वास्तव में खो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला है। **–अंकित कुमार पुत्र छैल बिहारी चौखड़िया निवासी– ग्राम पंचायत नेठिया, थाना विशेश्वरगंज, बहराइच–2021–202**

सूचना
सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या P/IND/J2694104 में दीपू गुप्ता पुत्र ननकन प्रसाद गुप्ता अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 401073746947 तथा पैन कार्ड नंबर BXBPKL6114L में दीपू कुमार पुत्र ननकन नाम अंकित है। आज से अब **दीपू कुमार पुत्र ननकन निवासी ग्राम पुरानी बाजार परगना तहसील तुलसीपुर जिला बलरामपुर** से जाना व पहचाना जाए।

## एक नजर

### मायावती रमईपुर में आज दिखाएंगी ताकत


मायावती ।

**कानपुर।** शुक्रवार सुबह 11 बजे बसपा सुप्रीमो मायावती अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के रमईपुर मगरासा में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अकबरपुर और कानपुर नगर लोकसभा सीट के लिए जनसभा को संबोधित करेंगी। पार्टी के सूत्रों मुताबिक चुनाव के अंतिम समय में बसपा अपने पुराने गढ़ में ताकत दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मायावती के आगमन पर बसपा के प्रत्याशियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व नेताओं को भीड़ जुटाने के लिए बोला गया है।

### मायावती की जनसभा पर डायवर्जन

**कानपुर।** रमईपुर में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा और रैली होने के कारण 10 मई को घाटमपुर से कोई भी भारी वाहन नौबस्ता के तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन चौडगरा, मूसानगर, भोगनीपुर, सचेंडी होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। नौबस्ता से घाटमपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन घाटमपुर की तरफ नही जा सकेंगे। ऐसे वाहन सीधे सचेंडी से होते हुए भोगनीपुर, मूसानगर से घाटमपुर की तरफ जाएंगे। वहीं लखनऊ से आने वाले वाहन नौबस्ता होकर घाटमपुर व हमीरपुर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन रामादेवी रैंप से नीचे उतरकर चौडगरा होते हुए घाटमपुर को जाएंगे। मार्ग परिवर्तन सुबह 6 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक रहेगा।

### बसपा के अल्पसंख्यक नेता हुए भाजपाई

**कानपुर।** बसपा को उनके पूर्व पदाधिकारियों ने एक बड़ा झटका देने का काम किया है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के रमईपुर में बसपा सुप्रीमो मायावती के आगमन से पहले बसपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सय्यद इमरान हाशमी ने बसपा से नाता तोड़ दिया और अपने करीब 30 अल्पसंख्यक साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिला सचिव नईम, पूर्व सीसामऊ प्रभारी हामिद अंसारी, डॉ. कलीम शानू जावेद अजमेरी, ताहिर गुफरान, शान हाशमी आदि शामिल है। इमरान ने बताया कि एमएलसी सलिल विश्नोई, जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, भाजपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सलीम अहमद व जिला संयोजक राशिद आरफी ने उनको भाजपा की सदस्यता दिलाई।

# खली ने मांगे वोट, बोले, कानपुर की बात ही अलग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चंद्रिका देवी मंदिर में दर्शन करने के बाद निकला रोड शो
- भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के समर्थन में आए शहर

**अमृत विचार।** चुनाव में कानपुर का अलग ही माहौल है। जनता जगह-जगह स्वागत कर रही है। कानपुर आकर बहुत खुश हूं। हर जगह चुनाव चल रहे हैं, लेकिन कानपुर की बात ही अलग है। यह बात कानपुर नगर के भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के समर्थन में रोड शो करने शहर आए अंतरराष्ट्रीय रेसलर द ग्रेट खली ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत के प्रति लोगों का नजरिया बदला है। मैं राजस्थान और यूपी में चुनाव प्रचार कर के आया हूं। सभी जगहों पर भाजपा के प्रत्याशी काफी मजबूत हैं। इंडिया गठबंधन का कोई भी असर चुनाव में नहीं पड़ने वाला है।

चंद्रिका देवी चौराहे से खली ने रोड शो शुरू किया, चंद्रिका देवी मंदिर के सामने उन्होंने सिर झुकाया। यहां लोगों ने द ग्रेट खली का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। खली ने अपने हाथों में भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल लेकर भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। इसके बाद रोड शो देव नगर से गर्ग रोड चौराहा होता हुआ आचार्य नगर होते हुए भारतीय विद्यालय रोड के सामने से निकला। ज्वाला देवी चौराहा से प्रेम नगर चौराहा, सीसामऊ बड़ा चौराहा से राम बाग तक लोगों ने जगह-जगह खली का स्वागत किया। रोड शो भाजपा कार्यालय सीसामऊ विधान सभा पर समाप्त हुआ। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सलिल बिश्नोई, भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी, अनूप अवस्थी, अंकित बाजपेई, गौरव पांडेय, अभिमन्यु सक्सेना, करन यादव मौजूद रहे।


रेसलर द ग्रेट खली ने रोड शो करके रमेश अवस्थी के लिए समर्थन मांगा। अमृत विचार

### चुनाव संबंधी समस्या-शिकायत के लिए कंट्रोल रूम

**कानपुर।** चुनाव संबन्धी समस्या और शिकायत के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तर पर कमिश्नरेट पुलिस ने कंट्रोल रूम की स्थापना की है। जिस पर जनसामान्य और मतदाता चुनाव से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001805121 |
| सीयूजी | 7839863157 |
| सीयूजी | 7839863241 |
| सीयूजी | 7839863247 |
| सीयूजी | 7839863242 |
| सीयूजी | 7839863449 |

# कांग्रेस है कातिलों की पार्टी वोट देना पाप होगा- सिरसा

## भाजपा राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने की प्रेसवार्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि कांग्रेस कातिलों की पार्टी है। कांग्रेस ने कानपुर में सिखों को गले में टायर डालकर जिंदा जलाया है। यह वही कांग्रेस है जिसने 22 सिख परिवारों को नानकमत्ता से आ रही बस से निकालकर उनको आतंकी घोषित कर एनकाउंटर करने का पाप किया था। अगर कोई सिख कांग्रेस को वोट करता है तो यह पाप होगा।

भाजपा के मीडिया सेंटर फजलगंज में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कोई भी सिख सपने में भी वोट डालने की कल्पना नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री मादी ने उन्हीं कातिलों को जेल में डालकर सिखों को न्याय देने व उनको सुरक्षा देने का काम किया। 1984 में हुए दंगों में कत्लेआम करने वाले लोगों को प्रदेश की योगी सरकार ने एसआईटी टीम से जांच करा कर दोषियों को जेल भेजने का काम किया। पीएम मोदी ने सिखों को करतारपुर जैसे पवित्र स्थान पर बिना वीजा के जाने का इंतजाम किया है। पीएम ने देश को अकबर, औरंगजेब और बाबर का न कहकर गुरुनानक, तेजबहादुर और गुरुगोविंद सिंह का बताया है। सपा ने मरने वाले 22 सिखों को आतंकी घोषित किया। इसलिये सपा को वोट देने का मतलब कांग्रेस को वोट देना है।


भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा प्रेस वार्ता में जवाब देते हुए।

### सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेसियों से प्रेरित

- मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सैम पित्रोदा ने जिस तरह से हम भारतवासियों को चीनी, अरबी, अफ्रीकन, काले और गोरे कहा है, यह परिभाषा कांग्रेस पार्टी की हो सकती है क्योंकि कांग्रेस पार्टी का जन्म इटली से हुआ है। कानपुर में होने वाली अखिलेश और राहुल की जनसभा पर बोला कि दो शहजादों नहीं, तीन शहजादों को मिला दो। जीरो से जीरो को जोड़ने से जीरो ही आता है। माइक्रो माइनॉरिटी पर उन्होंने कहा कि यह उनका अधिकार है। सिखों को इससे लाभ मिलेगा। अल्पसंख्यक तो बहुत हैं। कानपुर में प्रधानमंत्री जी से इसकी मांग की गई है, यह सही है। अंबानी और अडानी से कांग्रेस को चंदा के मामले में उन्होंने कहा कि इसका जवाब पीएम मोदी ही दे सकते हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, अनूप अवस्थी, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह, सरदार जसबीर सिंह, अमरजीत सिंह पम्मी, मुकेश भाटिया, अजीत छाबड़ा रहे।

### सौ फीसदी मतदान की ली शपथ

**कानपुर।** गुरुवार को ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज में मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। इस दौरान सौ फीसदी मतदान करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ने से उसका समाज में पड़ने वाले महत्व के बारे में भी समझाया गया। मुख्य अतिथि विभाग संघचालक कानपुर विभाग डॉ श्यामबाबू गुप्ता थे। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों को शपथ दिलाई। कहा गया चुनाव का यह पर्व हम सबके लिये गौरव का विषय है। कार्यक्रम में सुनील मंगल, हेमराज सिंह गौर, डॉ अंगद सिंह, डॉ पूजा अवस्थी, प्रधानाचार्य राममिलन सिंह प्रमुख रूप रहे।

# बच्चों ने समझी लोकतंत्र की परिभाषा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किस तरह चुनाव की घोषणा होती है फिर पार्टियां प्रत्याशियों का चयन करती हैं। ईवीएम से कैसे अपने मत का प्रयोग किया जाता है। यह सभी जानकारी गुरुवार को सर पद्मपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर के बच्चों को दी। कमलानगर स्थित विद्यालय में गुरुवार को कक्षा पांच तक के बच्चों ने विविध गतिविधियों की प्रस्तुति दी। प्री प्राइमरी और प्राइमरी के बच्चों ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़ाव का संदेश दिया। बच्चों को बाघ, मोर, आम और कमल सहित अन्य राष्ट्रीय प्रतीकों के चित्र दिखाए गए। शिक्षकों ने सभी प्रतीक के बारे में जानकारी दी। बच्चों को अपना पसंदीदा राष्ट्रीय प्रतीक चुनने का अवसर दिया गया। वोट डालने की प्रक्रिया बताई गई। इस गतिविधि का मकसद प्री-प्राइमरी के बच्चों को देश के राष्ट्रीय प्रतीकों से परिचित कराना और उनका महत्व समझाने के साथ मतदान प्रक्रिया को बताना था। प्रधानाचार्या भवना गुप्ता की उपस्थित रही।



छोटे-छोटे बच्चों को दी गई जानकारी। अमृत विचार

# हार देख उल्टे-सीधे बयान दे रहे हैं भाजपाई: आलोक

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने गुरुवार सुबह सबसे पहले मंदिर में दर्शन किया और उसके बाद चिश्ती नगर कादरी मस्जिद के पास जनसंपर्क किया। तेजाब मिल कैंपस, सकेरा स्टेट, श्याम नगर, सीटीआई चौराहा, गोपाल नगर, शिव नगर, लालकुर्ती, तोपखाना कैंट, गड़रियनपुरवा, प्रतापगंज, नई बस्ती कैंट, गोलाघाट, टीपी नगर, हलीम कॉलेज चौराहे, चमनगंज समेत आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। कुछ जगहों पर पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की। जगह-जगह लोगों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता से झूठ बोलकर गुमराह करने का काम कर रही है। जबकि कांग्रेस, सपा और आम आदमी पार्टी सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चली है। यह लड़ाई लोकतंत्र बचाने की है। कहा कि जनता ने भाजपा को नकार दिया है, जिस वजह से उनको अपनी हार सामने दिख रही है। इसलिए भाजपा के नेता उल्टे सीधे बयान दे रहे है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी, जितेंद्र कुमार, संतोष गुप्ता, कनिष्क पांडे, परवेश यादव, विशाल वाल्मीकि, गोविंद नगर पूर्व प्रत्याशी समाट् विकास यादव, सतीश वाल्मीकि रहे।


जनसंपर्क करते आलोक मिश्रा । अमृत विचार


रैली निकालतीं द पनेशिया पैरामेडिकल साइंस एंड नर्सिंग इंस्टीट्यूट की छात्राएं।

### पनेशिया के छात्र- छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

**कानपुर।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत द पनेशिया पैरामेडिकल साइंस एंड नर्सिंग इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं ने लखनपुर, विकास नगर समेत आसपास के तमाम इलाकों में पैदल मार्च किया। छात्र- छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पहले मतदान फिर जलपान के स्लोगन की गूंज रहे। युवाओं ने हाथ में तख्तियां लेकर 'बनो देश के भाग्यविधाता, अब जागो प्यारे मतदाता' और 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' जैसे स्लोगन के साथ मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र- छात्राओं ने लोगों से कहा कि आपका एक- एक वोट लोकतंत्र की मजबूती के लिए है।

# 11 मई को बाबूपुरवा में गरजेंगे सीएम योगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल पार्क बाबूपुरवा में होगी सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा
- घर-घर पीले चावल बांटकर लोगों को निमंत्रण देंगे भाजपाई

**अमृत विचार।** 11 मई को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबूपुरवा के सेंट्रल पार्क में भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के समर्थन में जनसभा करेंगे। वह सुबह 11 बजे जनसभा को संबोधित करने आयेंगे। गुरुवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने दक्षिण जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मोर्चों के अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री की 11 मई को होने वाली सभा को लेकर जिम्मेदारी सौंप दी।


सभा की तैयारी की बैठक करते प्रकाश पाल, सुरेंद्र मैथानी, महेश त्रिवेदी।

प्रकाश पाल ने कहा कि संगठन के सभी जिला पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षद, मंडल कमेटी के सदस्य, वार्ड अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ स्तर तक के सभी कार्यकर्ता 11 मई को बाबूपुरवा सेंट्रल पार्क में होने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में आने के लिए घर-घर जाकर लोगों को पीले चावल देकर आमंत्रित करेंगे। पार्टी कार्यकर्ता बस्तियों में जाकर लोगों को पीले चावल देकर आमंत्रित करेंगे। सभा में भीड़ लाने की जिम्मेदारी मंडल अध्यक्षों एवं पार्षदों को दी गई है।

लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री की सभा के लिए किदवई नगर विधानसभा के विधायक महेश त्रिवेदी, अजय कपूर और रघुनंदन भदौरिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, राम शरण कटियार, रमाकांत त्रिपाठी, कौशल किशोर दीक्षित, रामबहादुर यादव, प्रबोध मिश्रा, सुनील नारंग, रामदेव शुक्ल, मंडल अध्यक्ष गौरव तिवारी, अखिलेश अवस्थी, प्रवीण मिश्रा, संजय पासवान रहे।

## मुख्यमंत्री की जनसभा के लिए डायवर्जन कल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली और जनसभा बाबूपुरवा के न्यू सेंट्रल पार्क में होने के कारण टाटमिल से कोई भी भारी वाहन बस व ट्रक बाबूपुरवा की तरफ न जाकर मनोज इंटरनेशनल से दाहिने मुड़कर श्याम नगर पीएसी मोड़ होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। इसको लेकर पुलिस ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह डायवर्जन 11 मई को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक लागू किया जाएगा।

- यशोदा नगर से किदवई नगर चौराहा के तरफ कोई भी भारी वाहन बस व ऑटो नहीं आएंगे, ऐसे वाहन श्यामनगर पीएसी मोड़ से बाएं मुड़कर मनोज इंटरनेशनल होते हुए गंतव्य को जाएंगे।
- छोटे व हल्के वाहन बगाही चौकी से दाहिने मुड़कर साउथ एक्स मॉल होते हुए साइड नंबर वन से बारादेवी सोटे हनुमान मंदिर होते हुए गंतव्य को जाएंगे।
- यशोदा नगर की तरफ से आने वाले हल्के व छोटे वाहन बरगदिया तिराहे से बाएं मुड़कर घनश्याम दास चौराहे से गौशाला होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।


जनसंपर्क करते देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

### भोले को जनसंपर्क में मिला समर्थन, बेटी ने भी मांगे वोट

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र भोले ने रनिया विधानसभा के बाघपुर, बैरी, शिवली, मैथा बाजार, मैथा स्टेशन, अलियापुर, गजनेर रोड नवीपुर में बड़ी संख्या में भाजपा समर्थकों के साथ जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान भोले ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने हर समाज की चिंता की। ब्यापारी, किसान, मजदूर, मजबूर, असहाय, कमजोर, दिव्यांग सहित उन तमाम लोगों की चिंता की। जिनको देखने वाला अभी तक कोई नहीं था। देश के ज्यादातर परिवारों को केंद्र सरकार की किसी ने किसी योजना का लाभ जरूर मिला है। राजेश तिवारी, जिला अध्यक्ष मनोज शुक्ला, आर पी कुशवाहा, अरुणा कोरी, सतीश शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह चौहान, पवन राजपूत, पिंकी सिंह चंदेल, रामप्रताप सिंह, बृजेश सिंह, रामबाबू कमल, पवन अग्निहोत्री, पवन शुक्ला साथ रहे। वहीं, भोले की बेटी कामना सिंह भोले ने भाभी मान्या सिंह ने जनसंपर्क किया। यहां सुरभी भोले, जनक सिंह, सरोज कटियार, जया श्रीवास्तव, अनीता, सीमा, सविता सिंह रहीं।

राजनीति

जीआईसी ग्राउंड में तैयार किया गया है संयुक्त राजनीतिक मंच, जनसभा की तैयारियों में जुटे इंडिया गठबंधन में शामिल नेता

# अखिलेश यादव व राहुल गांधी आज जीआईसी में भरेंगे हुंकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जिताने के लिए कांग्रेस से राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव शुक्रवार को चुन्नीगंज स्थित जीआईसी मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के एक साथ शहर आने पर माना जा रहा है कि इससे कांग्रेस व सपा के जमीनी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच उत्साह बढ़ेगा। अखिलेश यादव 2:10 बजे तक चुन्नीगंज जीआईसी ग्राउंड पहुंचेंगे।

वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन हुआ था, तब कांग्रेस से राहुल गांधी और सपा के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसभा करने के साथ ही रोड शो भी निकाला था।


जीआईसी ग्राउंड में व्यवस्था देखते एडीएम सिटी व साथ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशाद नरेश चंद्र त्रिपाठी, पवन गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता। अमृत विचार

सात साल बाद दोनों युवा नेता वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भी एक बार फिर से साथ है। वह शुक्रवार को चुन्नीगंज जीआईसी मैदान में जनसभा को संबोधित कर जीत की हुंकार भरेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय गुरुवार देर शाम चुन्नीगंज स्थित जीआईसी ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राउंड के अंदर तो स्पीकर लगाए ही गए, साथ ही कुछ लाउडस्पीकर ऐसे लगाए जाएंगे कि जो लोग ग्राउंड के अंदर नहीं आ सकते वह बाहर सड़क पर खड़े होकर भाषण आसानी से सुन सके। वहीं, गुरुवार को तैयारियों को लेकर एडीएम सिटी डॉ.राजेश कुमार ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया।

### पहली बार इरफान के बिना होगी जनसभा

चुन्नीगंज जीआईसी ग्राउंड सीसामऊ विधानसभा में आता है। वर्ष 2017 में अखिलेश व राहुल गांधी ने परेड मैदान में जनसभा की थी। तब उनके साथ सीसामऊ विधायक इरफान सोलंकी साथ में थे। लेकिन आज होने वाली इस जनसभा में इरफान सोलंकी नहीं शामिल रहेंगे। आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई और कैंट विधायक मोहम्मद हसन रूमी समेत आदि पदाधिकारी व नेता साथ रहेंगे।

## अखिलेश-राहुल की जनसभा पर आज शहर में डायवर्जन लागू

**कानपुर।** लालइमली के सामने जीआईसी मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की जनसभा को देखते हुए यातायात पुलिस ने डायवर्जन की व्यवस्था लागू की है।

**यहां पर किया गया डायवर्जन**

- बड़ा चौराहा से आने वाला कोई भी वाहन जिन्हें लाल इमली जाना है, परेड (कारसेट चौराहा) से आगे नहीं जा सकेगा। ऐसे वाहन सद्भावना चौराहा एमजी कॉलेज से गंतव्य को जा सकेंगे।
- कोतवाली चौराहा, मूलगंज की तरफ से आने वाले वाहन जिनको सद्भावना होकर यतीमखाना जाना है, ऐसे वाहन सद्भावना चौराहे से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन परेड (कारसेट चौराहा) होकर अपने गंतव्य को जा जाएंगे।
- एमजी कॉलेज से कोई भी वाहन लाल इमली को नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन ग्रीन पार्क होकर अपने गंतव्य को जा जाएंगे।
- ग्वालटोली चौराहा आने वाले वाहन जिन्हें लाल इमली की तरफ जाना है, विक्टोरिया मिल तिराहे से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन विक्टोरिया मिल तिराहे से बाएं सिलिंग हाउस स्कूल होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
- मर्चेंट चेंबर से लाल इमली जाने वाले वाहन मर्चेंट चेंबर चौराहा से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन ग्रीन पार्क टेफ्को होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।

# पेड़ पर लटका मिला शव, हत्या की जताई आशंका

## घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के पतारा कस्बे का मामला, परिवारवालों ने आइसक्रीम फैक्ट्री मालिक पर लगाया आरोप

संवाददाता, घाटमपुर


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पतारा कस्बे में बबूल के पेड़ पर एक युवक का शव लटका मिला। उसके पैर जमीन पर छू रहे थे, जिसे देखकर परिवार वालों ने हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताई और आइसक्रीम फैक्ट्री मालिक पर आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि फैक्ट्री मालिक से विवाद हुआ था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

फतेहपुर जिले के मधियाखेड़ा के रहने वाले बाबूराम गौतम का 22 वर्षीय पुत्र मनीष गौतम पतारा कस्बा स्थित दीपक आइसक्रीम फैक्ट्री में आइसक्रीम बेचने का काम करता था। ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह उसका शव हिरनी मोड़ के पास बबूल के पेड़ पर फंदे पर लटका

- **जमीन पर पांव छूने से गहराया शक, फैक्ट्री मालिक से विवाद होने की बात बताई**

देखा तो फोन पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आइसक्रीम फैक्ट्री मालिक पर हत्या कर युवक का शव बबूल के पेड़ पर टांगे जाने की आशंका जताई। परिजनों ने बताया कि मनीष का फैक्ट्री मालिक से विवाद हुआ था। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच-पड़ताल कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल में लटका मिला युवती का शव

संवाददाता, चौबेपुर


घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण व पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के जोगिनडेरा (बंसठी) गांव में गुरुवार की सुबह प्राथमिक विद्यालय परिसर में पेड़ पर एक युवती का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम के घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बंसठी के मजरा जोगिनडेरा निवासी खूंटानाथ के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चों में बेटी प्रिया (20) सबसे बड़ी थी। बताया गया कि खूंटानाथ और उसकी पत्नी भीख मांग कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इधर, वैशाखी अमावस्या को लेकर पति-पत्नी कुछ दिन पहले पावा, उन्नाव गए हुए थे। घर में बड़ी पुत्री प्रिया (20), उससे छोटी प्रियंका और बेटा सचिन थे। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव के प्राथमिक विद्यालय के अंदर गुलमोहर के पेड़ में साड़ी के सहारे युवती का शव लटका देखा तो मामले की जानकारी उसके घर वालों को दी। सूचना पर पहुंचे पिता ने पुलिस को जानकारी दी।

फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। प्रिया के छोटे भाई-बहन उसके घर से निकलने के बारे में कुछ नहीं बता सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। किसी भी तरह की तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बेकाबू टैंकर की टक्कर से किसान की गई जान

संवाददाता, घाटमपुर

- **खेत जाने के लिए सड़क पार कर रहा था किसान**
- **सजेती क्षेत्र के आनूपुर मोड़ के पास हुआ हादसा**

**अमृत विचारः** सजेती थाना क्षेत्र के आनूपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार टैंकर ने एक किसान को टक्कर मार दी, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान सांसें थम गईं। पुलिस ने टैंकर को अपनी हिरासत में ले लिया है।

आनूपुर गांव निवासी किसान गयाप्रसाद (70) मंगलवार की शाम छह बजे घर से अपने खेत पर कटी पड़ी अरहर के गट्ठर बांधने जा रहा था। जैसे ही वह आनूपुर मोड़ पर दुर्गा मंदिर के सामने हाईवे पार करने लगा, तभी कानपुर की ओर से आए तेज रफ्तार टैंकर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक टैंकर छोड़कर भाग निकला।

हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची सजेती पुलिस और परिजन घायल गयाप्रसाद को हमीरपुर जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद पत्नी और चारों बेटों गिरधारी, फूलचंद, शिवकुमार और किशन का रो-रो कर बुरा हाल था। सजेती थाना प्रभारी ब्रजमोहन सिंह ने बताया कि किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौके से टैंकर को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### भट्ठा मजदूर की मौत

**घाटमपुर।** कानपुर देहात के मूसानगर थाना क्षेत्र के पुरंदर गांव के ईंट भट्ठा में जरसेन गांव निवासी मजदूर रामआसरे (40) की मौत हो गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर

### पति-पत्नी पर दर्ज हुआ गैंगस्टर का मुकदमा

**बिल्हौर।** कस्बे के महाराणा प्रताप नगर निवासी राघवेंद्र दीक्षित और उनकी पत्नी लक्ष्मी दीक्षित के विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि राघवेंद्र दीक्षित और उनकी पत्नी के नाम अलग-अलग वर्षों में बिल्हौर कोतवाली में तीन मुकदमे गंभीर धाराओं के दर्ज हैं। एक सरकारी प्रतिष्ठान से जुड़कर राघवेंद्र दीक्षित पर करोड़ों रुपये गबन करने के आरोप लगे थे, जिसके बाद ग्राहकों ने उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### दो बोरी गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**घाटमपुर।** रेउना थाने की पुलिस ने किराव गांव से दो बोरी गांजा सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक किराव गांव में गांजा बेच रहे बड़े कुशवाहा को बुधवार की रात 11 बजे गिरफ्तार कर दो बोरी गांजा बरामद किया गया है। एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि एक घर में छापा मारकर दो बोरी गांजा सहित एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भूख-प्यास से तड़प रहे गोवंश

संवाददाता, बिधनू

**लापरवाही**

- **बिधनू और पतारा ब्लाक की गौशालाओं में अव्यवस्थाएं हावी**
- **तीन दिन में छह गोवंशों की मौत छाया का भी इंतजाम नहीं**


गौशाला में तेज धूप में बैठे गोवंश। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बिधनू और पतारा ब्लाक क्षेत्र की गौशालाओं में अव्यवस्थाएं हावी हैं। भूख-प्यास से बेहाल गोवंश दम तोड़ रहे हैं। तीन दिन में पतारा और बिधनू ब्लाक में छह गोवंशों की मौत हो चुकी है। गौशाला की नांद खाली पड़ी हैं। गर्म पानी और छाया का इंतजाम न होने की वजह से गोवंश बीमार हो रहे हैं।

खास बात यह है कि गौशालाओं में केयर-टेकर होने के बावजूद दिन भर गौशालाओं में ताला लगा रहता है। गुरुवार को एक गौशाला के गेट पर बछड़ा मरा पड़ा था, जिसे कुत्ते नोच रहे थे। वहीं गौशाला के अंदर भी गाय मरी पड़ी थी। गौशाला के आसपास खेती कर रहे किसानों ने बताया कि जब से गौशाला का निर्माण हुआ है, तब से सैकड़ों गोवंश गौशाला के अंदर और बाहर दफनाए जा चुके हैं। दुर्गंध की वजह से खेतों पर काम करना भी मुश्किल हो जाता है।

पतारा के पड़री लालपुर ग्राम पंचायत की सचिव रिचा उमराव ने बताया कि इस सप्ताह सिर्फ एक गोवंश मरा है, जिसका पोस्टमार्टम भी करवाया गया है। मौत का करण पूछने पर बोलीं कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण पता चल सकेगा।

उधर, पशु चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनीष ने बताया कि गर्मी ज्यादा पड़ने और नए भूसे के कारण गोवंश बीमार हो रहे हैं। गौशालाओं में निर्देश दिए गए हैं कि भूसा देते समय पानी का अधिक उपयोग करें, जिससे गोवंश बीमार नहीं होंगे। देखभाल भी जरूरी है।

# फोर्स की कमी से कोर्ट में पेश नहीं हो सके आरोपी

**बलवंत हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**तारीख बढ़ी**

- **अदालत में अब 29 मई को होगी मामले की सुनवाई**
- **लोकसभा चुनाव में व्यस्तता से उपलब्ध नहीं हो सका फोर्स**

**अमृत विचार।** चर्चित बलवंत हत्याकाण्ड में अभियोजन साक्षी रामजी के घर पर न होने से उसे सम्मन न मिलने और फोर्स का लोकसभा निर्वाचन कार्य में व्यस्त होने से आरोपियों को जेल से तलब नहीं किया जा सका, जिससे इस केस में गवाही नहीं हो सकी। यह जानकारी वादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी।

उन्होंने बताया कि अभियोजन साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह को दोबारा जिरह के लिए तलब करने को तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम व एक अन्य आरोपी द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर न्यायालय ने उसे तलब करने के साथ ही साक्षी रामजी को साक्ष्य तलब कर गवाही के लिए 29 मई की तिथि नियत करने के आदेश दिए हैं। वादी के प्रार्थना पत्र पर सभी आरोपियों को भी नियत तिथि पर जेल से तलब करने का आदेश पारित किया गया है। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में वादी अंगद सिंह, साक्षी बलबीर सिंह व साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह के पूर्व में बयान दर्ज हो चुके हैं। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पूनम सिंह की अदालत में चल रही है। वहीं पुलिस कर्मियों की लोकसभा चुनाव में ड्यूटी के कारण गुरुवार को आठो आरोपी पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश नहीं किए जा सके।

## सार-संक्षेप


महाराणा प्रताप की जयंती मनाते संस्था के सदस्य। अमृत विचार

### याद किए गए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

**घाटमपुर।** वीर सपूत शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके बलिदान और वीरता को याद किया गया। क्षत्रिय वीर शिरोमणि जंग बहादुर सिंह जनसेवा संस्थान की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर शिवबोधन सिंह परमार, मनोज सिंह परमार, मनोज सिंह भदौरिया, राहुल सिंह राजावत, चन्द्रभान सिंह परिहार, शिव बदन सिंह, नीरज परिहार, अमित चौहान, श्याम भदौरिया, सत्यम चौहान आदि मौजूद रहे।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा का नवीनीकरण


फीता काटकर नई शाखा की शुरुआत हुई।

**बिल्हौर।** कस्बे के बिल्हौर इंटर कॉलेज में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा को दूसरी जगह स्थापित कर दिया गया है। गुरुवार को नए भवन में शाखा की शुरुआत हुई। इस दौरान वरिष्ठ ग्राहकों का सम्मान हुआ। शाखा प्रबंधक अभिलाष बाजपेई ने बताया कि शाखा को अब मुरादनगर के नए भवन में शिफ्ट कर दिया गया है, जहां ग्राहकों को सहूलियत मिलेगी। यहां प्रबंधक मनोज कुमार श्रीवास्तव, शिवशंकर तिवारी, सुमन कटियार, रामसिंह कटियार मौजूद रहे।


ककवन कस्बे में फ्लैग मार्च करते असम राइफल्स के जवान। अमृत विचार

### बिल्हौर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने किया फ्लैग मार्च

**बिल्हौर।** 13 मई को मतदान के लिए सुरक्षा बल ने फ्लैग मार्च निकाला। फोर्स ने कस्बे के मुख्य चौक चौराहों से होते हुए पूरे कस्बे में भ्रमण किया। लोगों से पुलिस ने वोट का इस्तेमाल करने की अपील की। कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने वोट का इस्तेमाल बिना किसी डर और भय के करे। पुलिस का फ्लैग मार्च ककवन थाने पर जाकर खत्म हुआ। थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने बताया कि असम राइफल्स के जवानों के साथ गांव की गलियों में बूटों की धमक से लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इसके साथ ही 13 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए लोगों से अपील भी की। कई संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों का जायजा लिया। असम राइफल्स के कमांडेंट होरिंदर नाथ ने जवानों के साथ संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया।

# दहेज हत्या में पति को सात साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- **चौबेपुर क्षेत्र के तातियागंज में नौ साल पहले हुई थी घटना**

**अमृत विचार।** चौबेपुर क्षेत्र के तातियागंज में करीब नौ साल पहले दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी की हत्या कर उसका शव फंदे से लटकाने के मामले में अपर जिला जज प्रथम की अदालत ने आरोपी पति को दोषी करार देते हुए सात साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर नगर के महाराजपुर क्षेत्र के तिलसहरी खुर्द गांव के रहने वाले ननकऊ कुशवाहा ने चौबेपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसने अपनी पुत्री रिंकी देवी की शादी 6 जून 2014 को चौबेपुर के तातियागंज निवासी अरविंद कुशवाहा के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसकी बेटी को पति व ससुरालीजन फूल सिंह, धर्मेंद्र, सुनीता देवी 50 हजार रुपये व मोटर साइकिल की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। 7 अप्रैल 2015 की रात सभी ससुरालियों ने बेटी की हत्या कर उसे पंखे से फंदे पर लटका दिया। मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए आरोपी पति अरविंद कुशवाहा के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई साक्ष्य न मिलने पर नाम हटा दिए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज प्रथम चंद्रशेखर की अदालत में चल रही थी। गुरुवार को मामले में अदालत ने आरोपी पति को दोषी करार देते हुए सात साल के कारावास की सजा सुनाई, साथ ही तीन हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

# सरकारी जमीन पर निर्माण रुकवाया

**रेउना।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के रूपनगर में ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। ग्राम प्रधान की शिकायत पर एसडीएम ने जांच के आदेश दिये है 1 मौके पर पहुंचे लेखपाल ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है।

गुरुवार को रूपनगर की खाली जमीन पर गांव के ही प्रभावशाली लोगों ने कब्जा कर निर्माण शुरू कर दिया। घुघुवा ग्राम प्रधान के पति कप्तान सिंह नायक ने एसडीएम व एसओ अवधेश श्रीवास्तव से शिकायत की। एसडीएम ने लेखपाल व एसओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। एसओ फोर्स के साथ पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवा दिया। पुलिस को देखकर कब्जा करने वाले भाग गए। राजस्व विभाग ने कब्जा की गई जमीन नवीन परती में दर्ज बताई है। एसडीएम यादवेंद्र सिंह बैस ने बताया कि लेखपाल की जांच के बाद कार्रवाई होगी।

# सामुदायिक शौचालय सिर्फ दिखावा

संवाददाता, शिवराजपुर



सामुदायिक शौचालयों का ताला भी नहीं खुलता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास खंड क्षेत्र के मुस्ता, कुंवरपुर, कुर्मीखेड़ा आदि गांवों में बने सामुदायिक शौचालय बेमकसद साबित हो रहे हैं। शौचालयों में पानी की व्यवस्था नहीं होने से उपयोग नहीं हो पा रहा है। गंदगी की भरमार है।

कुर्मीखेड़ा गांव के नितीश कटियार, मनोज कटियार, आनंद शर्मा ने बताया कि गांव के सामुदायिक शौचालय में पानी की व्यवस्था न होने से ग्रामीणों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई महीनों से केयर टेकर भी नहीं है, जिस कारण नियमित रूप से खुलता भी नहीं है। वहीं मुस्ता गांव के नीरज कमल, राजरानी कमल, मुन्ना गौतम, गुड्डी कश्यप, संजू चक्रवर्ती ने बताया कि शौचालय कभी-कभार ही खुलता है। साफ-सफाई भी नहीं होती है, जिस कारण गांव की महिलाएं शौचालय का लाभ नहीं ले पा रही हैं।

**अनदेखी**

- **पानी का इंतजाम नहीं होने से निष्प्रयोज्य साबित हो रहे**
- **केयर-टेकर की नियुक्ति के बाद भी नहीं खुलते हैं ताले**

इसी तरह कुंवरपुर के बलबीर सिंह, राजू कठेरिया, बउवन ने बताया कि सामुदायिक शौचालय का जब निर्माण हुआ तो ग्रामीणों में बहुत ही उत्साह था, लेकिन समय से न खुलने और गंदगी फैली होने के कारण गांव वाले वहां जाने से कतराते हैं। सामुदायिक शौचालय के निर्माण में शासन ने लाखों रुपये खर्च किए हैं। प्रतिमाह शौचालय के केयर-टेकर को पांच हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है, लेकिन ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। रखरखाव के अभाव में शौचालय भवन की स्थिति खराब होती जा रही है। लोगों में नाराजगी है।

**मुसीबत** घाटमपुर की तिरहार पट्टी के गांवों में जलस्तर घटने से गहराने लगा पेयजल का संकट

# अधिकांश गांवों के तालाब सूखे पड़े, हैंडपंप खुद प्यासे

संवाददाता, घाटमपुर


तालाब में पशुओं को पीने के लिए नहीं मिल रहा पानी। अमृत विचार


ज्यादातर हैंडपंप ठूंठ बनकर रह गए हैं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों के तालाबों और पोखरों में पानी नहीं है। तालाब महीनों से सूखे पड़े हैं। भीषण गर्मी के चलते पशु-पक्षियों के लिए पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। क्षेत्र की घुघुआ व रेवना की खारजा नहर में अभी तक पानी नहीं आया है।

घाटमपुर विकास खंड के तिरहार पट्टी के गांवों बरीपाल, मऊनखत, बांध, बावन, साखाहारी, चिरौली, सवाईपुर के तालाब सूखे पड़े हैं। यहां तालाबों में पानी न होने से मवेशियों के पानी पीने की समस्या उत्पन्न हो गई है। तालाबों की तली में कीचड़युक्त पानी है, जो पीने लायक नहीं है। गांवों में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप भी पानी छोड़ रहे हैं।

गांव के अजय कुमार, वीर सिंह निषाद, सुनील निषाद, पप्पू सिंह, जवाहर सिंह, गोरेलाल, जयवीर यादव, शिवराज आदि ने बताया कि प्रधान ने कभी तालाब में पानी नहीं भराया है। गांव में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप पानी नहीं दे रहे हैं। खंड विकास अधिकारी चंद्रमणि ने बताया कि गांवों के तालाबों में नलकूपों से पानी भराए जाने के लिए कहा गया है। फिलहाल ग्राम पंचायत सचिव चुनाव में लगे हैं। जल्द पानी की व्यवस्था की जाएगी।

### पतारा कस्बे में भी पेयजल की समस्या बढ़ी

पतारा कस्बे की बाजार और रामलीला मैदान में पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। बाजार व बस्ती के लोगों ने ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह से पानी की समस्या का हल कराए जाने की मांग की। कस्बा निवासी वीके मिश्रा ने बताया कि साप्ताहिक सब्जी बाजार/रामलीला मैदान में लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं और जल संकट से जूझ रहे हैं।

# मानसिक रोगी ने उखाड़ा शिवलिंग

**चौबेपुर।** उम्मेदपुर में गुरुवार दोपहर मंदिर में स्थापित शिवलिंग को उखाड़ ले जाने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज किये जाने की बात कही है।

उम्मेदपुर के खेत पर स्थित मंदिर से शिवलिंग उखाड़ ले जाने की सूचना पर पुलिस पहुंची। एसीपी बिल्हौर अजय त्रिवेदी भी पहुंचे। छानबीन में पता चला कि गांव का रामजी तिवारी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। दोपहर में उसने शिवलिंग उखाड़ दी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। ग्राम प्रधान से इस बावत वार्ता हुई है। उन्होंने मंदिर में विधि विधान से पूजा पाठ के साथ दूसरी शिवलिंग स्थापित कराये जाने के बाद कही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# भट्ठा मालिक की पत्नी ने साथियों के साथ मिलकर की थी मां-बेटी की हत्या

## प्रेमी, उसकी पत्नी सहित तीन अन्य को पुलिस ने हिरासत में लिया, हुई पूछताछ

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

● लखनऊ के पारा क्षेत्र में किराए के मकान पर रहती थी महिला



**अमृत विचार।** एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन में मिले महिला व बच्ची के शव मां-बेटी के निकले। जिनकी हत्या कर हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के सर्विस लेन के पास फेंका गया था। पुलिस ने गुत्थी लगभग सुलझा ली है और महिला के प्रेमी भट्ठा मालिक, उसकी पत्नी सहित एक अन्य युवक को हिरासत में लेकर घटना की कड़ियां जोड़ रही है। पुलिस ने घटना में प्रयोग हुई कार भी बरामद कर ली है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर ताला सराय गांव के पास बीते मंगलवार भोरपहर एक युवती व बच्ची की हत्या कर शव फेंके जाने की गुत्थी लगभग सुलझ गई है। हालांकि पुलिस ने अभी इसका अधिकृत खुलासा नहीं किया है। मृत महिला की पहचान रोशनी (25) पत्नी छोटू तिवारी निवासी लखीमपुर खीरी कांशीराम कॉलोनी के रूप में हुई है।

उसके पास से हरदोई के लखनऊ रोड मन्ना पुरवा के सुनील कुमार ज्वैलर्स की दुकान का पर्स व विजिटिंग कार्ड मिला था। एसपी द्वारा गठित चार सदस्यीय टीम ने दुकान पहुंचकर मृतका की फोटो दिखाकर उसकी पहचान कराई थी। इस पर सर्राफ ने एक मोबाइल नंबर दिया था। इसी नंबर के सहारे उसकी पहचान की गई। पता चला कि महिला का अपने पति से शादी के कुछ समय बाद अलगाव हो गया था। इसके बाद से वह लखनऊ के पारा स्टेट लान के पास रहने लगी थी।

सूत्र बताते हैं कि उसके घर से 500 मीटर दूर रहने वाले उसके प्रेमी भट्ठा मालिक व उसकी पत्नी को पुलिस ने उठाकर कड़ाई से पूछताछ की तो पत्नी ने सच उगल दिया। उसने बताया कि उसके पति से महिला के अवैध संबंध थे। कई बार मना करने पर भी वे लोग नहीं माने। इस पर महिला को रास्ते से हटाने के लिए उसने सुनोयोजित ढंग से हत्या की योजना बनाकर उसकी हत्या कर शव सर्विस लेन किनारे फेंक दिए थे। घटना में प्रयोग हुई एक कार कार व उसके पड़ोसी समेत तीन को पुलिस ने हिरासत में लेकर हत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी है।

### 5 मई को मनाई थी शादी की वर्षगांठ

- सूत्र बताते हैं कि बीती पांच मई को भट्ठा मालिक व रोशनी ने शादी की वर्षगांठ मनाई थी। इसकी जानकारी भट्ठा मालिक की पत्नी को हो गई थी। इसके बाद से उसने अपनी सौतन को रास्ते से हटाने की ठान ली थी।

### लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे दोनों

- लोगों के अनुसार बीते दो साल से भट्ठा मालिक व रोशनी लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। भट्ठा मालिक ने रोशनी को घर से कुछ दूर एक मकान में रखा था। चर्चा है कि दोनों ने चोरी छिपे शादी भी कर ली थी।

# अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● प्रशिक्षण में माइक्रो आब्जर्वर को सफलतापूर्वक दायित्व निर्वहन के सुझाव दिए

**अमृत विचार।** मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित रखवाने और निर्विघ्न मतों की गिनती कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक बाबू ए के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने देरशाम दही चौकी स्थित मतगणना स्थल की तैयारियां देखीं। इससे पहले दिन में निष्पक्ष व पारदर्शी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 कराने को नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर्स को संत पूरनदास नगर स्थित एसवीएमआईसी प्रशिक्षण दिया गया। सामान्य प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में शामिल आब्जर्वर्स को ड्यूटी के दौरान सतत सजग रहने की नसीहत दी।

शाम के समय एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना सहित दोनों प्रशासनिक अधिकारी दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित वेयरहाउस पहुंचे। यहां उन्होंने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा बंदोबस्त की समीक्षा की। प्रेक्षक ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पर्याप्त लाइट सहित सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग के मजबूत इंतजाम किए जाएं, जिससे अवांक्षित व्यक्ति किसी भी सूरत में प्रवेश न कर सकें। मौसम को देखते हुए पेयजल व शेड आदि की पर्याप्त उपलब्धता पर भी जोर दिया। दोपहर के समय प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर अधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को न सिर्फ अच्छे से समझना चाहिए, बल्कि नोट्स तैयार करते जाना चाहिए। इससे दायित्व निर्वहन के दौरान किसी तरह की बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन निर्बाध जारी रहना चाहिए। इसलिए बाधाओं की गुंजाईश नहीं रखनी चाहिए। निर्वाचन दायित्व पूर्ण करने के लिए जरूरी टिप्स भी दिए।

## सार-संक्षेप

### हाईकोर्ट के जज की कार से टकराईं दो कारें, सभी सुरक्षित

**बिछिया उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अपने रिश्तेदार के साथ जा रहे हाईकोर्ट के जज की कार से दो कारें टकरा गईं। इसमें किसी को चोट नहीं आई। सूचना पर दही थाना पुलिस पहुंची लेकिन, जज ने दोनों चालकों के माफी मांगने पर कार्रवाई से इंकार कर दिया। दही थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर एक शोरूम के सामने 12 बजे दोपहर अपने रिश्तेदार के साथ जा रहे एक प्रदेश के हाईकोर्ट जज की कार से दो कारें टकरा गईं। लखनऊ-कानपुर लेन पर हुए इस हादसे में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन, हादसे में कार सवार सभी बाल-बाल बच गए। हाईकोर्ट के जज की कार में टक्कर होने की सूचना पर दही पुलिस पहुंची और दोनों कारों को रोक लिया। लेकिन, चालकों के माफी मांगने पर जज ने कार्रवाई से इंकार कर दिया। इस पर पुलिस ने सभी को जाने दिया।

### किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत गुलेवा खेड़ा गांव में एक 17 वर्षीय किशोर ने अपने घर में फंदे से लटक कर जान दे दी। परिजन उसका शव लटका देख बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ऊंचगांव सानी गांव के मजरा गुलेवाखेड़ा निवासी सोम शंकर का 17 वर्षीय बेटा विकास गुरुवार सुबह काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला। इस पर मां किरण उसे जगाने छत पर कमरे में पहुंची तो बेटे को कुंडे में गमछे के फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। चीख सुन पति दौड़ा और बेटे का शव देख बिलख उठा। जानकारी पर पड़ोसी एकत्र हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विकास ने इसी वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। वह चमियानी के एक कोचिंग सेंटर में बच्चों को पढ़ाता भी था। उसकी मौत पर बहन पलक (8) और इकलौते बेटे की मौत से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। पिता ने बताया कि विकास के लिये कोचिंग खोलने को उन्नाव शहर में एक प्लाट का सौदा हुआ था। बाद में किसी कारणों से सौदा नहीं हो सका। तभी से वह काफी परेशान था। इसी वजह से उसने यह कदम उठाया है।

### समारोहपूर्वक मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** श्री राजपूत करणी सेना बांगरमऊ इकाई द्वारा गुरुवार को क्षेत्र के गांव मटुकरी में महाराणा प्रताप की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, पराक्रम, वीरता व साहस के बारे में विस्तृत चर्चा की। समारोह को सम्बोधित करते हुए अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपना स्वाभिमान बनाए रखने के लिए जंगलों में घास की रोटियां खाई। उनकी छोटी सेना ने अकबर की सेना के छक्के छुड़ा दिए थे। समारोह में अचानक पहुंचे एक राष्ट्रीय पार्टी के पदाधिकारियों को देख क्षत्रिय समाज के कई लोग भड़क गए। यह देख दलीय कार्यकर्ता वहां से चले गए। समारोह में अवध क्षेत्र किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, प्रधान रमेश सिंह, अजय बहादुर सिंह, संदीप सिंह, अजय सिंह, नरेश सिंह, अवधेश सिंह, अमन सिंह, आशीष सिंह, रवि सिंह, विजय सिंह, अमित सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संदीप सिंह, नागेश सिंह, अनूप सिंह, नरेंद्र सिंह आदि लोग शामिल रहे।

### युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, रेफर

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव हीरा खेड़ा निवासी प्रकाश (40) पुत्र जयराम ने गुरुवार को अज्ञात कारणों से घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### बोधेश्वर महादेव मंदिर में मनाई जाएगी परशुराम जयंती

**बांगरमऊ।** स्थानीय ब्राह्मण परिवार संस्था के तत्वावधान में अक्षय तृतीया पर्व पर नगर के पश्चिम बिल्हौर बाईपास मार्ग पर ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में भगवान परशुराम के पूजन-अर्चन व पुष्पांजलि के बाद ब्राह्मण परिवार के वरिष्ठ व वृद्धजनों को सम्मानित किया जाएगा।

### मतदान का महत्व बता कर दिलाई गई शपथ

**उन्नाव।** केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना व प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में केएमकेआई इंटर कालेज सैंता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर सभी से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही संगोष्ठी में मतदान का महत्व बताते हुए मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य अतिथि राजेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि सभी को निर्भीक होकर बिना लोभ-लालच के निष्पक्ष मतदान करना चाहिए। मतदान स्थल पर व्यवधान आने पर प्रशासन व पुलिस को इसकी सूचना देनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि एहतिशाम ने कहा कि देश के हर व्यस्क को मतदान तिथि को चुनाव पर्व के रूप में लेना चाहिए। जिसके तहत बूथ पर पहुंचकर ईमानदार सरकार बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

# परशुराम जयंती आज होंगे विविध आयोजन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी खरीदने का है चलन

**अमृत विचार।** अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विविध आयोजन होंगे। वहीं घरों में भगवान विष्णु के अवतार के रूप में पूजन आदि कर महिलाएं आभूषणों की खरीदारी करेंगी। इसके लिए सर्राफा कारोबारियों ने खास तैयारियां कर रखी हैं।

युवा भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में बंधूहार स्थित वेदांती ज्योतिष परामर्श केंद्र में संचालित कार्यालय में शाम चार बजे पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम होगा। इसके बाद महासभा की ओर से विजय शंकर के आवास पर समाजिक हित में काम करने के लिए अवधेश कुमार द्विवेदी, श्रवण कुमार पांडेय व महेंद्र शंकर त्रिपाठी का सम्मान किया जाएगा। अशोक तिवारी वेदांती ने बताया कि इससे पहले गुरुवार को रामचरित मानस का अखंड पाठ शुरू हुआ, जिसके समापन पर परशुराम जन्मोत्सव के तहत प्रीति भोज भी आयोजित होगा। उधर, चंद्रशेखर आजाद तिराहा कब्बाखेड़ा से दोपहर दो बजे राष्ट्रीय परशुराम जन कल्याण संस्था की ओर से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि इसके लिए समाज के लोगों के घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र बांटे गए हैं। इधर, अक्षय तृतीया पर आभूषण खरीदाने का भी प्रचलन है। इसलिए महंगाई के चलते सर्राफा करोबारियों ने हल्के (कम सोने में तैयार) आभूषण उपलब्ध कराने की तैयारी कर रखी है। सर्राफा कारोबारी शिशिर गुप्ता व दीपक ने बताया कि शगुन के लिए खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों को कम बजट के आभूषण उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।

# अनियंत्रित डंपर गुमटियों में घुसा बच्चे की मौत, दो लोग हुए घायल

संवाददाता, गंजमुरादाबाद-उन्नाव



गुमटियों में डंपर घुसने से फैला पड़ा सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र में गौरिया कलां मार्ग स्थित पतेली खेड़ा नहर पुल पर अनियंत्रित डंपर की चेसिस लकड़ी की गुमटियों में जा घुसी। इसमें सड़क किनारे रखी आधा दर्जन गुमटियां ध्वस्त हो गईं और इसकी चपेट में आकर एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए। परिजन गंभीर घायल बच्चे को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। चिकित्सकों द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर करने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चालक व खलासी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

आसीवन थानाक्षेत्र के गांव कुलहा निवासी कुलदीप पुत्र गुनाई गुरुवार को डंपर की चेसिस लेकर जा रहा था। रास्ते में चालक तकिया-गौरिया कलां मार्ग पर गांव कांटा गुलजारपुर के पास शारदा नहर के पतेलीखेड़ा पुल के पास चेसिस खड़ी कर एक दुकान पर नाश्ता करने चला गया। तभी खलासी अनुज पुत्र रमेश ने लगी चाबी से चेचिस को स्टार्ट कर दिया। जिससे चेसिस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखी गुमटियों में घुस गई। इसमें आधा दर्जन गुमटियां और उनमें रखा सामान नष्ट हो गया और वहां बैठे सुनील चौरसिया व उसका छह वर्षीय बेटा उत्तम और राकेश पुत्र गोपाली घायल हो गए। वहां मौजूद ग्रामीणों ने आनन-फानन गंभीर घायल बच्चे को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जबकि मामूली घायल दो लोगों का इलाज सीएचसी में चल रहा है। ग्रामीणों ने चालक व खलासी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

# मानक विहीन नर्सिंग होम जान से हो रहा खिलवाड़

**पुरवा।** नगर क्षेत्र इन दिनों अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम का गढ़ बनता जा रहा है। क्षेत्र में मौजूदा समय में एक दर्जन से अधिक नर्सिंगहोम संचालित हैं। जिनमें खुलेआम मरीजों का उपचार किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र के मरीजों की जान से खिलवाड़ भी हो रहा है।

बता दें कि नगर क्षेत्र में बस स्टेशन, मिर्री चौराहा व चमियानी रोड़ पर दर्जन भर नर्सिंग होम संचालित हैं। जिसमें ओपीडी से लेकर आपरेशन व प्रसव तक कराए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इनमें से कई तो बिना पंजीयन के ही चल रहे हैं। इनके पास फायर एनओसी भी नहीं है। इसके बावजूद यह नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से धड़ल्ले से चल रहे हैं। जिसके चलते संचालक मनमर्जी भी कर रहे हैं। पखवाड़ा पूर्व एसडीएम रनवीर सिंह ने सीएमओ से बात कर नगर में संचालित ऐसे नर्सिंग होमों की जांच करने को कहा था लेकिन, अब तक कोई निरीक्षण करने नहीं पहुंचा।

# निर्वाचन आयोग ने भेजे विशेष प्रेक्षक, हुई मैराथन समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव




विशेष प्रेक्षकों की चुनावी तैयारियों की समीक्षा बैठक में शामिल जिले के उच्चाधिकारी।

● आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक (सामान्य) अजय वी नायक, पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह व व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा ने कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर निष्पक्ष व पारदर्शी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 कराने की तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराते हुए निष्पक्ष व पारदर्शी निर्वाचन कराना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

विशेष प्रेक्षक (सामान्य) ने संसदीय क्षेत्र की सीमाओं, विधानसभा क्षेत्रों, कुल मतदान केंद्र, बूथ, कुल मतदाताओं की संख्या, एपिक कार्ड व वोटर पर्चियों का वितरण, पिछले चुनाव का वोटिंग प्रतिशत, ईवीएम की कमिशनिंग, स्ट्रांगरूम की सुरक्षा, कार्मिक प्रशिक्षण, कार्मिकों की रवानगी, क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों की संख्या, वेब कास्टिंग व सुरक्षा व्यवस्था, माक पोल, माडल बूथ, पिंक बूथ, सेल्फी प्वाइंट, मतगणना स्थल की तैयारियां, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी व एफएसटी द्वारा की गई कार्यवाहियों का विवरण, सोशल मीडिया मानिटरिंग, कंट्रोलरूम, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित कार्यवाही और राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा किये जा रहे व्यय आदि से संबंधित जानकारियां जुटाईं। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि जिले में 2498 बूथ हैं। जिन पर 23,41,740 मतदाता मतदान करेंगे। बीते चुनाव में 59.29 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसमें वृद्धि के लिए लगातार जागरुकता बढ़ाई जा रही है। इलेक्ट्रोरल रोल भी दुरुस्त किया गया है। कहा कि एपिक कार्ड व वोटर पर्चियां बांटी जा रही हैं। ईवीएम की कमीशनिंग व माक पोल हो चुका है। आवश्यकतानुसार कार्मिको को प्रशिक्षित किया गया है। क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतेजाम किए गए हैं। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि शत-प्रतिशत वोटर पर्चियां बांटी जाएं। साथ ही सेल्फी प्वाइंट्स बनाते समय ध्यान रखा जाए कि इनसे मतदान प्रभावित न हो। बूथों पर मतदाताओं के बैठने व छाया के पर्याप्त इंतजाम हों। क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों पर पैनी नजर रख सभी को भय रहित मतदान करने का अवसर दें। विशेष पुलिस प्रेक्षक ने सुरक्षा के कड़े इंतजामों पर जोर देते हुए कहा कि अराजक तत्वों के साथ जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया की सघन निगरानी कर शिकायतों व समस्याओं पर तुरंत रिस्पांस दें। धन व लीकर का अवैध परिवहन रोकने के निर्देश भी दिए। बैठक में सामान्य प्रेक्षक बाबू ए., पुलिस प्रेक्षक डीके चौधरी, व्यय प्रेक्षक कलाकांत सिंह, कृष्णाराव सिगिलीपेल्ली, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, प्रभारी वाहन नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, वरिष्ठ कोषाधिकारी नीलम सिंह व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय/सहायक निर्वाचन अधिकारी शुभम यादव आदि शामिल रहे।

# अन्नू को मिला जनतांत्रिक पार्टी का साथ, किया जीत का दावा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



पत्रकारों से वार्ता करतीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने इंडिया गठबंधन में शामिल सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन का लोकसभा चुनाव में समर्थन करने की घोषणा की है। सपा प्रत्याशी ने इस पर उनका आभार जताते हुए कहा कि गठबंधन के घोषणा के अलावा वह जिले खासकर फलपट्टी क्षेत्र में बागान मालिकों को 10 किमी की परिधि में आम मंडी उपलब्ध कराएंगी। साथ ही गठबंधन सरकार के चुनावी घोषणा पत्र को संसदीय क्षेत्र में ईमानदारी से बिना किसी भेदभाव के लागू कराया जाएगा।

शहर के सिविल लाइंस स्थित सपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व सांसद ने कहा कि जनतांत्रिक पार्टी के समर्थन का वह तहेदिल से स्वागत करती हैं। इससे उन्हें ताकत मिली है। कहा कि सांसद बनने के बाद वह स्थानीय स्तर पर बागान मालिकों को उनके आसपास 10 किमी परिधि में फल मंडी व किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर देंगी। उन्होंने पार्टी के घोषणापत्र में शामिल महिला, किसान, स्वास्थ्य व युवा सुरक्षा का सभी को लाभ दिलाने का भी दावा किया। इससे पहले जिलाध्यक्ष ने सबका स्वागत किया। वहीं समर्थक पार्टी ने दावा किया कि गठन के चार वर्षों में 30 हजार परिवार संगठन से जुड़े हैं।

## प्रदेश

# आज रामनगरी अयोध्या में रहेंगे उपराष्ट्रपति

अयोध्या कार्यालय



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

● राम लला के दर्शन पूजन कर सरयू आरती में भी होंगे शामिल

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति के अयोध्या भ्रमण के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंच रहे है। वह लगभग पौने चार घंटे अयोध्या में रहेंगे। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई है।

उपराष्ट्रपति शुक्रवार को लगभग चार बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। स्वागत सत्कार के बाद वह सड़क मार्ग से सवा चार बजे हनुमानगढ़ी पहुंचेंगे। यहां दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद वह राम लला का दर्शन करने श्रीराम मंदिर पहुंचेंगे। दर्शन पूजन के बाद साढ़े पांच बजे परिसर स्थित कुबेर टीला पहुंचेंगे। इसके बाद परिसर स्थित कांफ्रेस रूम पहुंचेंगे। लगभग 20 मिनट यहां रहने के बाद वह मां सरयू घाट पहुंचेंगे। सरयू दर्शन और आरती में शामिल होंगे। इसके बाद साढे.सात बजे वह एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे। बता दें कि एक मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने यहां पहुंचकर राम लला का दर्शन-पूजन किया था। पांच मई को पीएम मोदी ने राम लला के बाद दर्शन पूजन के बाद रोड शो किया था। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आने वाले यह पहले उपराष्ट्रपति हैं। इसके पहले उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू 15 अप्रैल 2022 को अयोध्या आए थे।

### त्रिपुरा के राज्यपाल ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या :** त्रिपुरा के राज्यपाल एन इंद्रसेन रेड्डी नल्लू गुरुवार को अपने माता-पिता की स्मृति में राम लला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। प्रोटोकॉल में सबसे पहले सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अल्प विश्राम के बाद सरयू नदी पहुंचकर आरती उतारी और फिर हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया। इसके बाद राम मंदिर पहुंचे और रामलला के चरणों में हाजिरी लगाई। राज्यपाल एन इंद्रसेन रेड्डी नल्लू ने कहा कि मैं रामलला का दर्शन करने के लिए कई वर्षों से प्रयास कर रहा था। मेरे माता-पिता कारसेवा के समय अयोध्या आए थे, लेकिन वे राम लला का दर्शन नहीं कर पाए थे। अब वे इस दुनिया में नहीं हैं। उनकी स्मृति में उनके तरफ से भी राम लला का दर्शन किया हूं। अयोध्या में पहले राम जी का मंदिर नहीं था अब मंदिर बन गया है। भगवान श्रीराम को टीवी में देखा था। आज प्रत्यक्ष रूप से रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचा हूं।

# गोंडा में छप्पर में लगी आग, जिंदा जली बच्ची

**करनैलगंज, गोंडा:** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के गोड़ियनपुरवा गांव में एक छप्पर के घर में अचानक लगी आग से एक 9 साल के बच्ची जिंदा जल गयी।

करनैलगंज नगर के सकरौरा ग्रामीण गोड़ियन पुरवा गांव निवासी चांद बाबू का परिवार फूस से बने घर में सो रहा था। घर में उनकी पत्नी व दो बेटियां इनायत व इनाया ही थीं। रात में अचानक घर में आग लग गई। पत्नी व बेटियों ने शोर मचाया। जिस पर पहुंचे पड़ोसियों ने पत्नी व छोटी बेटी इनायत को तो किसी तरह से निकाल लिया। लेकिन बड़ी बेटी इनाया को नहीं बचाया जा सका।

# ट्रेन के इंजन में फंस कर मवेशियों की मौत

संवाददाता, जरवलरोड, बहराइच



दुर्घटना के बाद खड़ी ट्रेन और मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दरभंगा से दिल्ली जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में पांच छुट्टा मवेशी फंसकर मर गए। ट्रेन में फंसे मवेशी कई किलोमीटर तक घिसटते चले गए। जिससे इंजन से धुंआ निकलने लगा। यह देख चालकों ने इमरजेंसी ब्रेक लगा बिना स्टॉप के जरवल रोड स्टेशन पर ट्रेन रोक दिया।

लखनऊ गोरखपुर रेल प्रखंड पर जरवल रोड स्टेशन के निकट पांच से छह मवेशियों अचानक ट्रेन के आगे आने से सभी की ट्रेन में कटकर मौत हो गई। इंजन व बोगियों के साथ मवेशियों को घसीटते हुए आधा किलोमीटर से अधिक ट्रेन चली गई। ट्रेन के बाहर धुआं व मिट्टी का धूल दिख रहा था। बड़ी तेज से धुआं उठा और गंध आने लगी। ट्रेन के नीचे से चिंगारी घसीटते हुए जानवर लोहे में टकराने से निकल रही थी। बिना स्टॉप के जरवल रोड स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन को रोका गया। स्टेशन परिसर में तमाम गिट्टियां छटक कर पड़ी हुई है। इंजीनियरिंग विभाग के उच्च अधिकारी व कर्मचारी मरे हुए मवेशी को लाइन पर से हटवाया गया।

अचानक हुई घटना से 15081 गोमती नगर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन, 12555 गोरखधाम, 12553 वैशाली सुपरफास्ट 15273 सत्याग्रह सहित आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई है।

# टेंपो की कैंची टूटने से नवीन पुल तीन घंटे रहा जाम

## कानपुर से शुक्लागंज तक लगे जाम में फंसे वाहन सवार तेज धूप में बिलबिलाए, वाहनों की बेतरतीबी से बढ़ीं दिक्कतें

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार सुबह नौ बजे कानपुर की ओर से सवारियों को बैठाकर आ रही टेंपो की कैंची टूट गई। जिससे बीच सड़क पर टेंपो खड़ी हो गई। पीक ऑवर का समय होने के कारण नवीन पुल पर जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में कानपुर से लेकर शुक्लागंज के बीच लंबा भीषण जाम लग गया। टेंपो चालक ने राहगीरों की मदद से टेंपो को किसी तरह खींचकर बाहर निकाला। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हो सके।

सुबह करीब नौ बजे कानपुर से आ रही टेंपो की कैंची टूट गई। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन सब्जी मंडी और कानपुर की ओर ओवरब्रिज तक वाहन कतारों में खड़े रहे। वाहनों का अधिक भार होने के कारण नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर समेत अन्य वाहन कतारों में खड़े हो गये। भीषण जाम को देख गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और जाम छुड़ाने के लिये काफी मशक्कत की लेकिन बालूघाट मोड़ से लेकर नवीन पुल तक का मार्ग संकरा और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण जाम टस से मस नहीं हिला। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। इस दौरान टेंपो के अगले पहिये के चालक और उसके साथी उठाकर किसी तरह खींचते हुये शुक्लागंज की ओर लेकर आये। जिसके बाद वाहन आगे रेंगे। इस दौरान कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं देरी से स्कूल पहुंची। दोपहर करीब बारह बजे वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।



फोरलेन पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार


नवीन पुल के रास्ते पर लगा जाम। अमृत विचार

### राहगीरों ने सीधे कराए आड़े-तिरछे वाहन

पीक आवर के समय भीषण जाम लगा होने के बाद भी पिकेट पुलिस गायब रही। जिस कारण वाहन सवारों ने अपने वाहन आड़े तिरछे लगा दिये। जिस कारण एक ओर का यातायात करीब आधे घंटे तक रुका रहा। जिसके बाद राहगीरों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका।

### कोढ़ में खाज बन रही ई बसें

जाम लगने के दौरान कानपुर की ओर से एक के बाद एक तीन ई बसें आ गई। वहीं शुक्लागंज की ओर से भी दो बसें निकली। संकरे मार्ग में दोनों बसें फंसने के कारण जाम और तीखा हो गया। जिससे लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।

# उड़नदस्ते ने प्रमुख मार्गों और चौराहों पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये चुनाव आयोग के निर्देश पर गंगाघाट क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके लिये अधिकारियों ने एफएसटी और स्टेटिक की टीम लगाई है। जहां टीम ने गुरुवार को प्रमुख मार्गों और चौराहों पर चेकिंग की। इस दौरान कानपुर की सीमा से शुक्लागंज आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग हुई।

चुनाव पास आते ही भारी मात्रा में नकदी, शराब आदि को इधर से उधर किया जा सकता है। जिसे देखते हुये गुरुवार को उड़नदस्ता के मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला टीम के साथ मरहला चौराहे पर पहुंचे। जहां उन्होंने आजाद मार्ग, बैराज मार्ग व फोरलेन से आने जाने वाले संदिग्ध चौपहिया वाहनों को रोका। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों से पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने वाहनों की चेकिंग की। इसके साथ ही वाहनों के नंबर भी नोट किये। इसी तरह गंगा बैराज, फोरलेन, नवीन पुल मोड़ पर भी टीम ने सघन चेकिंग की। मजिस्ट्रेट ने बताया कि चुनाव को देखते हुये गंगाघाट के प्रमुख चौराहों पर चेकिंग लगाई गई है। फिलहाल चेकिंग के दौरान कोई भी चुनाव से संबंधित या संदिग्ध वस्तु नहीं बरामद हुई हैं। वहीं कुछ वाहनों में स्टीकर और झंडे लगे मिले थे। जिन्हें हटवाया गया है।


मरहला चौराहे पर बैग की चेकिंग करती टीम। अमृत विचार

- संदिग्ध चौपहिया वाहनों को रोक कर चालकों से की पूछताछ, नंबर नोट किए

## एक नजर

### पंजाब पुलिस, कोतवाली प्रभारी ने किया रूट मार्च

**नवाबगंज।** लोकसभा चुनाव के चलते पंजाब से चुनाव कराने आई फोर्स के साथ अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने 12 गांवों का एरिया डोमिनेशन कर लोगों से निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। कहा कि यदि कोई भी विवाद करे तो पुलिस को इसकी सूचना दें। उस पर कार्रवाई की जायेगी। कोतवाली प्रभारी के साथ क्षेत्र के गांव मकूर, जंसार, रहमतगंज, छेदनीखेड़ा, कुसुम्भी व अजगैन समेत अन्य गांवों में जाकर एरिया डोमिनेशन किया गया।

### कच्चे आम तोड़ते समय पेड़ से गिरा बच्चा, गंभीर

**नवाबगंज।** विकासखंड क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी छात्र अंकुशराज (11) पुत्र राजबहादुर घर से बकरी चराने दोस्तों के साथ गया था। गांव के बाहर एक बाग में वह आम के पेड़ पर चढ़कर कच्चे आम तोड़ने लगा। तभी वह पेड़ से गिर गया। दोस्तों ने दौड़कर उसके परिजनों को बताया। परिजन उसे लेकर स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया।

# परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर अग्रज हुए सम्मानित

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय परशुराम ब्रिगेड के तत्वावधान में गुरुवार शाम परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जहां ब्रिगेड के पदाधिकारियों ने अग्रजों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजिन कराया गया। जहां पूरी रात लोग झूमते रहे।

गुरुवार की शाम फोरलेन स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर अखिल भारतीय परशुराम ब्रिगेड 16वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। जहां सबसे पहले भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये उनकी आरती की गई। जिसके बाद धनंजय धाकड़ मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ सम्पन्न कराया गया। इसके बाद राम मंदिर सरसैया घाट कानपुर के महत राम गोविंद दास, कानपुर पनकी मंदिर के कृष्ण दास महाराज, सिद्धनाथ मंदिर के अरूण पुरी महाराज के अलावा बुजुर्गो को अंग वस्त्र व प्रतीक चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया। रात में आयोजित राखी आजाद व रोशनी अंजान के बीच जवाबी कीर्तन का कड़े मुकाबले का आनंद सैकड़ों लोगों ने उठाया। पूरी रात लोगों ने जवाबी कीर्तन पर जमकर तालियां बजाते रहे। साथ ही लोगों ने गजल और कव्वाली का भी लोगों ने आनंद लिया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, उमेश शुक्ला, एसपी दीक्षित, संदीप पांडे, सुनील दीक्षित, श्रीकांत पांडे, इंद्रेश शुक्ला, कमल वर्मा, पप्पू बाजपेई, विकास मिश्रा, वीरेंद्र शुक्ला, शिब्बू तिवारी, प्रद्युम्न मिश्रा आदि मौजूद रहे।


परशुराम ब्रिगेड के कार्यक्रम में अग्रजों का सम्मान किया गया। अमृत विचार


अक्षय तृतीया को लेकर सजाई गई ज्वैलर्स की दुकान।

## अक्षय तृतीया आज, सज गईं ज्वैलरी की दुकानें

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** अक्षय तृतीया को देखते हुये गंगाघाट क्षेत्र की नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सराफा करोबारी कई दिनों से दुकानों में साफ सफाई करा रहे थे। इसके साथ ही ग्राहकों के लिए आभूषण की नई-नई रेंज व स्कीम भी लाई गई हैं। अक्षय तृतीया पर आभूषणों की खरीदारी शुभ मानी जाती है।

आज अक्षय तृतीया है। इस दिन आभूषणों की खरीदारी शुभ मानी जाती है। उसी को लेकर नगर के ज्वैलरी की दुकानों को गुरुवार सुबह से साफ सफाई करने के साथ ही आकर्षक ढंग से सजाते हुये लाइटिंग की व्यवस्था कराई गई है। दुकानदारों ने ग्राहकों के लिये हर रेंज की ज्वैलरी का सामान दुकानों में मंगवाया है। जिससे महंगाई होने के बावजूद कोई भी ग्राहक वापस न जा सके। वहीं अक्षय तृतीया के तुरंत बाद शादी का लगन होने के कारण भी दुकानदारों को अच्छा कारोबार की उम्मीद है। वहीं ज्वैलर्स कमल वर्मा, मयंक शुक्ला, राजेश बाजपेई, मनोज मिश्रा, आशीष बाजपेई, मुन्ना रावत, उत्कर्ष वर्मा के अलावा अन्य स्वर्णकारों ने बताया कि आमतौर पर अक्षय तृतीय पर बड़े पैमाने पर लोग ज्वेलरी की खरीदारी होती है, लेकिन इस बार बाजार थोड़ा मंदा है। इसके बावजूद इसके उन्होंने अपनी दुकानें सजा ली हैं। सोना और चांदी का भाव आसमान छू रहा है। इसके बावजूद अच्छी दुकानदारी होने की आस है।

# जंपर जलने से चार घंटे गुल रही बिजली, लोग हुए परेशान

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार सुबह विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान फीडर एक में जंपर उड़ गया। जिससे कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। सूचना पर बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग की। जहां कंचन नगर में फाल्ट मिला। इस दौरान चार घंटे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। जिससे गर्मी में लोग परेशान हो गये।

सुबह पांच बजे विद्युत आपूर्ति के दौरान फीडर एक में ग्यारह हजार लाइन का जंपर उड़ गया। जिससे फीडर एक के सभी मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने की जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी। जिस पर बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग शुरू की। इस दौरान कंचन नगर में ग्यारह हजार लाइन का जंपर उड़ा मिला। जिस पर ट्रांसफार्मर से कंचन नगर की बिजली काट दी गई और फीडर एक की आपूर्ति चालू की गई। इस दौरान बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। पौने नौ बजे मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू की गई। इस दौरान चार घंटे तक बिजली गुल रही। इसी तरह दोपहर 2 बजकर 47 मिनट से एक घंटा के लिए 33 केवीए लाइन एक पोल लगाने के लिए बंद रखी गई। दोपहर के समय बिजली न आने पर गर्मी में लोग बिलबिला गये।


मरम्मत करता विद्युत कर्मी।

# बंद पड़े मकान में लगी आग, पहुंची दमकल

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा गांव में हुई घटना

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा गांव में गुरुवार दोपहर एक बंद पड़े मकान में आग लग गई। आग की लपटें देख ग्रामीणों ने दमकल को सूचना दी। इस दौरान ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची दमकल ने किसी तरह आग को बुझाया।

शुक्लागंज के पोनी रोड निवासी विष्णु बाजपेई का पिंडोखा गांव में पैतृक मकान है। वही काफी दिनों से पोनी रोड में रह रहे हैं। जिससे गांव के मकान में कोई नहीं रहता था और वह बंद चल रहा था। इस दौरान घर के पास जमा कूड़े में गुरुवार दोपहर किसी ने जलती बीड़ी सिगरेट फेंक दी। जिससे उसमें आग लग गई। कुछ ही देर में आग काफी दूर तक फैल गई। जिस पर ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवाएं चलने के कारण आग दूर तक फैल गई। जिस पर फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग बुझाई। इस दौरान मकान का दरवाजा, खिड़की समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गया।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते गंगा प्रसाद महते स्कूल के छात्र। अमृत विचार


प्रभात फेरी निकालते सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र। अमृत विचार

# गंगाप्रसाद महते और शिशु मंदिर के छात्रों ने निकाली रैली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये गुरुवार को गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और शिशु मंदिर के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जहां छात्र-छात्राओं ने गली, मोहल्लों में रहने वाले वाले लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया।

गंगा प्रसाद महते और सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकली। जहां छात्र ब्रह्मनगर, राजधानी मार्ग, पोनीरोड, शक्तिनगर, प्रेमनगर, अहमद नगर व गंगानगर आदि मोहल्लों में लोगों को जागरूक किया। छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार, देश तरक्की तभी करेगा, हर वोटर जब वोट करेगा जैसे स्लोगन लिखे थे। इस मौके पर भूपेन्द्र, प्रधानाचार्य रामेश तिवारी, प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह, केदारनाथ, सुरेश सिंह, वीरेंद्र, प्रवीण, प्रेमशंकर, सुरेन्द्र, संजय, प्रहलाद, अरूण, जगदीश, नेहा मौजूद रहीं।

## सार-संक्षेप

### पति से विवाद के बाद महिला ने फांसी लगा जान दी

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत अजयपुर गांव निवासी महिला ने बच्चे को स्कूल छोड़ने को लेकर पति से हुई कहासुनी के बाद पेड़ में फंदे से लटककर खुदकशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अजयपुर गांव निवासी सर्वेश की शादी असोहा थानाक्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी सीता से शादी हुई थी। गुरुवार सुबह आठ बजे सीता पति सर्वेश से बच्चों को स्कूल छोड़ने की बात कह रही थी। इसे लेकर उसकी पति से कहासुनी हो गई। इसके बाद सर्वेश बच्चों को स्कूल छोड़ने चला गया। जब घर लौट तो सीता खेत की ओर जाने की बात कह घर निकल गई। काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो पति उसे तलाशने जंगल की ओर गया तो वहां पत्नी को व पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका देख उसके होश उड़ गए। ग्रामीणों की मदद से उसने उसे नीचे उतारा लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर महिला के पिता मोतीलाल व भाई अतुल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम को भेजा। महिला की मौत से पति सर्वेश, बेटे अनुराग, अविराज व बेटी अवंतिका रो-रोकर बेहाल थे।

### लुटेरों ने अमीन, शिक्षक नेता व राजमिस्त्री को बनाया निशाना

**सफीपुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवार युवकों ने तीन बाइक सवारों से बुधवार देरशाम तीन अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटना को अंजाम दिया। इसमें वे एक अमीन, शिक्षक नेता व राज मिस्त्री से मोबाइल के साथ अन्य सामग्री लूट ले गये। पुलिस ने तीनों की तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के सालेह नगर करौंदी गांव निवासी सत्य प्रकाश पुत्र विश्वनाथ द्विवेदी बुधवार रात साढ़े नौ बजे सफीपुर से अपने घर जा रहे थे। तभी उन्नाव-हरदोई मार्ग पर फत्तेपुर-कुसैला पुलिया के पास बाइक सवारों ने पीछे से आकर तिरछी बाइक लगाकर उसे गिरा दिया और उसका मोबाइल छीनकर भाग गये। वहीं, आसीवन थानाक्षेत्र के गांव गहरुबाद के मजरे उदशाह निवासी नवनीत पुत्र रामकुमार कलक्ट्रेट में अधिग्रहण अमीन के पद पर तैनात हैं। चुनाव के चलते उन्हें घर आने में देर हो गई। अभी वे क्षेत्र के गांव बृजपालपुर के पास ही पहुंचे थे कि बाइक सवारों ने उन्हें रोका और मोबाइल छीनकर भाग गए। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के गांव मवई ब्रम्हनान निवासी अशोक पुत्र राधेलाल राज मिस्त्री है। वह उन्नाव शहर में काम खत्म कर घर लौट रहा था। तभी बाइक सवारों ने उससे भी मोबाइल छीन लिया। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जयंती पर महाराणा प्रताप को किया याद

**उन्नाव।** सदर विधानसभा क्षेत्र के धौकलखेड़ा गांव स्थित शिव बालक सिंह इंटर कालेज में महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। इसमें भाजपा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि मातृभूमि के सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले राष्ट्रभक्त के जयंती समारोह में शामिल होना गौरव की बात है। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। लोकसभा चुनाव प्रभारी सौरभ मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष करणी सेना समरेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह व शिवकुमार सिंह आदि ने महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### भाजपा के पक्ष में मांगे वोट

**नवाबगंज।** गुरुवार को मोहान विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह ने कई गावों में जाकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा नेता ने क्षेत्र के गांव आशा खेड़ा, कुशहरी, जगदीशपुर, अजगैन, बक्तू खेड़ा में सभाएं कर भारतीय जनता पार्टी के लिए वोट मांगे। इस दौरान विधायक ब्रजेश रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह, प्रधान बउवा साहू, प्रधान समर सिंह, प्रधान ऋषि प्रताप व नवाबगंज के शुभांक, जगदीश पाल, मनोज पांडेय व सुरेश लोधी आदि मौजूद रहे।

### संत समागम में शत-प्रतिशत मतदान की हुई अपील

**पुरवा, उन्नाव।** क्षेत्र के चमियानी स्थित सच्चिदानंद आश्रम मंदिर में पावन भूमि नैमिषारण्य से संतों का आगमन हुआ। स्थानीय लोगों द्वारा भजन-कीर्तन कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। पूज्य संत नारायण स्वरूप महराज व संत बृजेशानन्द महराज ने मौजूद लोगों को निष्काम कर्म की प्रेरणा जगाकर समाज को सही मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। जातिगत भेदभाव, राग-द्वेष आदि अनेक दोष दूर कर स्वस्थ समाज का निर्माण करने का आग्रह किया।

हड़कंप | न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज को लेकर अमृत विचार में प्रकाशित हुई थी खबर

# डायरिया के मरीज बढ़े, सीएमओ ने मांगा स्पष्टीकरण

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में 4 मई को सुबह से लेकर दोपहर तक मरीजों की लाइन लगी थी, जहां मौजूद डॉक्टरों ने दो सौ के करीब मरीजों का परीक्षण किया था। जिसमें सर्दी, जुकाम, बुखार, डायरिया के अलावा अन्य मरीज शामिल थे। अचानक डायरिया के मरीज बढ़ने पर इस खबर को आपके अपने अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। जिस पर उन्नाव कंट्रोल और सीएमओ ने संज्ञान लेते हुये पीएचसी के जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण मांगा। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया।

गर्मी का प्रकोण प्रतिदिन बढ़ रहा है। जिससे लू के थेपेड़ों से हर कोई परेशान है। भीषण गर्मी पड़ने के कारण शरीर का पानी कम हो रहा है। जिससे लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। शनिवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में सर्दी, जुकाम, बुखार, चर्म रोग, डायरिया के मरीज पहुंचे थे, सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक अस्पताल में मरीजों की कतारें लगी थी। जिस पर 5 मई के अंक में अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। डायरिया के मरीज पाये जाने पर उन्नाव कंट्रोल रूम एवं सीएमओ ने संज्ञान में लिया।

पीएचसी प्रशासन को पत्र भेजकर डायरिया के मरीज कैसे बढ़े। इसके लिये स्पष्टीकरण मांगा गया। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान ने सीएमओ आफिस डायरिया के बढ़े मरीजों से संबंधित स्पष्टीकरण का जबाव भेजा है। इसके साथ ही डायरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है और अस्पताल में आने वाले मरीजों को डायरिया से बचाव के उपाये बताये जा रहे हैं। जिससे कोई भी डायरिया की चपेट में न आये।


गुरुवार को पीएचसी में होती ओपीडी। अमृत विचार

- 186 मरीजों की हुई ओपीडी बुखार, जुकाम और डायरिया के थे मरीज


तापमान बढ़ने के साथ अस्पताल में लगी डायरिया के मरीजों की लाइन

रविवार के अंक में अमृत विचार में प्रकाशित हुई डायरिया से संबंधित खबर।

# विवाहिता से दुष्कर्म के दोषी को मिली 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** असोहा थानांतर्गत एक विवाहिता के घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले युवक को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने उस पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

बता दें कि असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने बताया था कि वह 10 मार्च-2017 की शाम शौच के लिए गई थी। तभी रास्ते में गांव निवासी कल्लू पुत्र भीम शुक्ला ने उसे दबोच लिया और झाड़ियों में खींचकर उससे दुष्कर्म किया था। जाते समय उसने धमकी दी थी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देगा।

पीड़िता ने घर लौटकर पति को इसकी जानकारी दी। पति की तहरीर पर असोहा पुलिस ने 13 मार्च-2017 को रिपोर्ट दर्ज की थी। एसओ जगत नारायण सिंह ने जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध 16 अगस्त-2017 को चार्जशीट दाखिल की थी।

गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई फास्ट ट्रैक पूरी हुई। एडीजे रवि प्रकाश साहू ने शासकीय अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद कल्लू को 10 साल की सजा के साथ 15,000 का अर्थदंड भी लगाया है। इसमें आधी धनराशि पीड़िता को देने के भी आदेश कोर्ट ने दिए हैं।



- कोर्ट ने दोषी युवक पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया

